डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
28 मई 2025
बुधवार

आज का मौसम
35 अधिकतम
25 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## प्रधानमंत्री मोदी के आसपास रहने वालों की कोरोना जांच होगी



**नईदिल्ली, एजेंसी**

देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या तेजी से बढ रही है और अब यह 1083 पहुंच गई है। इन हालातों के चलते प्रधानमंत्री मोदी के 29-30 मई को बिहार दौरे के मद्देनजर राज्य का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है और निर्देश दिया गया है कि पीएम के 100 मीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच होगी। उल्लेखनीय है कि केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना मरीज हैं। कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, गुजरात में 13 मरीज ठीक हुए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में दो महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। उप्र में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत दर्ज हुई है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है।

## ट्रंप बोले- यदि मैं नहीं होता तो रूस के साथ बहुत बुरा हो चुका होता



**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दी है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पुतिन आग से खेल रहे हैं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन पर जारी हवाई हमलों के बाद आया। उन्होंने कहा कि अगर वे नहीं होते तो रूस के साथ बहुत बुरा हो चुका होता। ट्रम्प इस हफ्ते के आखिर तक रूस पर नए प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। ट्रम्प ने भी प्रतिबंध बढ़ाने की बात कही थी। इस दौरान ट्रम्प ने यह भी कहा था कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। दरअसल रूस ने 24 मई को यूक्रेन पर 3 साल में सबसे बड़ा हवाई हमला किया था, जिसके बाद से ट्रम्प खुलकर पुतिन की आलोचना कर रहे हैं।

## अजरबेजान को शुक्रिया कहने पहुंच गए शरीफ

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अजरबैजान दौरे पर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की और भारत के साथ सैन्य संघर्ष में समर्थन के लिए आभार जताया। शरीफ ने कहा कि दोनों देश हर मौके पर एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी ऐसा करेंगे। दरअसल, शरीफ 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्किये और ईरान जा चुके हैं। अब वो ताजिकिस्तान पहुंचेंगे तथा दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

### मंत्री शाह के मामले में सुप्रीम रुख पर भाजपा व सरकार की नजरें

# सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाने निकले सीएम, केसीसी लिमिट बढ़ाने बैठी कैबिनेट

**भोपाल/नई दिल्ली,दोपहर मेट्रो,एजेंसी।**

मप्र सरकार महिला सशक्तिकरण सम्मेलन की तैयारी में जुटी है और मुख्यमंत्री मोहन यादव इसका 'माहौल' बनाने व उद्देश्य बताने आज सारणी पहुंचे हैं। वे यहां स्व सहायता समूह सम्मेलन एवं उद्यमिता मेले को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान विकास कार्य का भूमिपूजन भी होगा। 31 मई को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसमें प्रदेशभर से महिलाओं का जमावड़ा होगा तथा सरकार की तरफ से कई नई घोषणा की भी तैयारी हैं। उल्लेखनीय है कि मप्र में अब तक पांच लाख स्व सहायता समूह के माध्यम से करीब 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा चुकाहै।



फाइल फोटो

उधर दिल्ली में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कुछ बड़े फैसले लिये जा रहा है। माना जा रहा है कि किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने के प्रस्ताव पर मुहर लगेगी। लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव फरवरी में लोकसभा में पेश देश के आम बजट में किया गया था। तब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ब्याज सब्सिडी कार्यक्रम को बढ़ा दिया गया है, मोदी सरकार की इस योजना का उद्देश्य 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी उत्पादकों को सहायता प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत 1998 में हुई थी। इसके तहत लगभग 4 फीसदी ब्याज पर कृषि के उद्देश्यों के लिए अल्पकालिक ऋण प्रदान किया जाता है। साथ ही बदवेल-वेल्लोर राजमार्ग पर भी फैसला हो सकता है।

## शाह की बेलगाम बातों पर सुप्रीम सुनवाई

दूसरी तरफ आज मप्र के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणियों के मामले में गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम द्वारा पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट पर सुप्रीम सुनवाई पर भाजपा व सरकार की नजरें है। एसआईटी की रिपोर्ट शाह के वकील को उपलब्ध कराई गई है और रिपोर्ट के आधार पर चर्चा होगी। कोर्ट के आदेश पर तीन आईपीएस अफसरों की एसआईटी ने इस केस से जुड़े सबूत और दस्तावेज इंदौर जिले के मानपुर थाने से लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है।

माना जाता है कि 6 दिन चली जांच में एसआईटी की पूरी पड़ताल एफआईआर की धाराओं के इर्द-गिर्द रही है। खास बात यह कि एसआईटी ने मंत्री शाह से बयान नहीं लिये हैं। सूत्रों का कहना है कि मंत्री का वीडियो रिकॉर्डेड बयान ही बड़ा सबूत है। फिर उन्होंने माफी मांगने का तीसरा वीडियो जारी कर ये भी साबित कर दिया कि उनका पहला बयान आपत्तिजनक था। एसआईटी ने इन वीडियो को ही शाह के खिलाफ सबूत माना है। बताते हैं कि एसआईटी ने वीडियो की हैश वैल्यू भी लगाई, जो डिजिटल डॉक्यूमेंट या वीडियो की यूनिक पहचान होती है जो साबित करती है कि डेटा से छेड़छाड़ हुई या नहीं। अलबबत्ता एसआईटी ने 11 मई को रायकुंडा गांव में हुए हलमा कार्यक्रम के मंच पर मौजूद लोगों के बयान भी अपनी रिपोर्ट में दर्ज किए हैं। इसी कार्यक्रम में शाह ने मंच से अमर्यादित बात कहीं थी। खास बात यह है कि विजय शाह लगातार दो कैबिनेट बैठकों से दूर हैं। शाह कहां है, यह किसी को पता नहीं है। कहा जा रहा है कि कैबिनेट बैठक से जुड़ा एजेंडा भी उन्हें नहीं भेजा गया।




## खान सर ने 'युध्द' के दौरान रचाई शादी, अब किया खुलासा

### छात्रों की क्लास में खोला राज

**पटना, एजेंसी**

देशभर में चर्चित शिक्षक और इंटरनेट सेंसेशन माने जाने वाले खान सर अब फिर सुर्खियों में आ गए हैं, इस बार वजह उनका लेक्चर नहीं, बल्कि शादी है। पढ़ाने के अनोखे अंदाज और सामाजिक विषयों पर बेबाक राय रखने वाले खान सर ने यह शादी एक खास शर्त पर की है और शादी का खुलासा भी उसी अंदाज में किया है। उन्होंने अपनी क्लास के बीच छात्रों के सामने जब कहा- मैंने आप लोगों को एक बात नहीं बताईं, जब भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसा चल रहा था, उसी समय मेरी शादी हुई यह सुनकर पूरी क्लास खुशी से झूम उठी। छात्रों की तालियों और हूटिंग के बीच खान सर को बात पूरी करना मुश्किल हो गया। उन्होंने बताया कि यह शादी जानबूझकर गुप्त रखी क्योंकि भारत व पाकिस्तान के बीच उस समय सैन्य तनाव चल रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे कभी भी युद्ध छिड़ सकता है। देश की स्थिति को देखकर मैं खुद असमंजस में था कि शादी करूं भी या नहीं। मन कर रहा था कि शादी को टालकर सीमा पर जा कर सैनिकों की मदद करूं लेकिन मेरे माता-पिता ने शादी की सारी तैयारियां कर रखी थीं और वे बहुत दुखी थे लिहाजा मैं उन्हें दुख नहीं दे सकता था। मगर शादी इस शर्त पर की, कि किसी को भी शादी में नहीं बुलाया जाए और कोई समारोह भी न हो। उन्होंने कहा, मेरी पहचान मेरे छात्रों से है। अगर कोई समारोह होता और उसमें मेरे छात्र शामिल नहीं होते, तो ऐसा समारोह मेरे लिए अधूरा होता।



## स्टारशिप का टेस्ट नाकाम, पृथ्वी के वातावरण में आते ही नष्ट हुआ

### मस्क की कंपनी ने बनाया, लगातार तीसरी नाकामी



**टेक्सास, एजेंसी**

दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 9वां टेस्ट कामयाब नहीं हो पाया और लॉन्चिंग के करीब 30 मिनट बाद स्टारशिप ने कंट्रोल खो दिया, जिस कारण पृथ्वी के वातावरण में दाखिल होते ही यह नष्ट हो गया। ये लगातार तीसरी बार है जब स्टारशिप आसमान में ही नष्ट हुआ हो। हालांकि, बूस्टर ने अमेरिका की खाड़ी में हार्ड लैंडिंग की। खबरों के मुताबिक लैंडिंग बर्न के दौरान एक सेंटर इंजन को जानबूझकर बंद किया ताकि बैकअप इंजन की क्षमता का परीक्षण किया जा सके। इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का दोबारा उपयोग किया गया है। स्टारशिप को भारतीय समय के अनुसार आज सुबह करीब 5 बजे टैक्सास के बोकाचिका से लॉन्च किया गया था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस रॉकेट को बनाया है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। इस टेस्ट के बाद इलॉन मस्क ने कहा- स्टारशिप निर्धारित शिप इंजन कटऑफ तक पहुंच गया, इसलिए पिछली उड़ान की तुलना में बहुत सुधार हुआ है। बताते हैं कि रिसाव के कारण कोस्ट और री-एंट्री फेज के दौरान मेन टैंक प्रेशर में कमी आई। अब अगले तीन लॉन्च काफी तेजी से होंगे। लगभग हर 3 से 4 हफ्ते में लॉन्च होगा। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वॉटर-लैंडिंग कराई जानी थी जो नहीं हो सकी। इसके अलावा पेलोड डिप्लॉयमेंट और अंतरिक्ष में रहते हुए एक रैप्टर इंजन को चालू करने जैसे एक्सपेरिमेंट भी नहीं हो सके।

**मेट्रो एंकर**

### रूस से नए फाइटर जेट खरीदने की तैयारी

# सोर्स कोड नहीं दे रहा अड़ियल फ्रांस राफेल से हुआ भारत का मोहभंग !

**मॉस्को/पेरिस, एजेंसी**

भारत का अब हालिया युध्द जैसी परिस्थितियों के बाद राफेल से मोहभंग हो रहा है। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन अपने बहुचर्चित राफेल फाइटर जेट का सोर्स कोड भारत को सौंपने के लिए तैयार नहीं है। जिसकी वजह से माना जाने लगा है कि भारत अब आगे यह फ्रांसीसी फाइटर जेट नहीं खरीदेगा। खबरों की मानें तो पाकिस्तान से संघर्ष के बाद भारत की कोशिश राफेल लड़ाकू विमानों में अपने स्वदेशी मिसाइलों को इंटीग्रेट करने की है, लेकिन फ्रांस सोर्स कोड शेयर करने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे पहले भी भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान इंजन %कावेरी% के लिए जब फ्रांसीसी कंपनी ने भारत की मदद नहीं की थी तो भारत ने अपने आजमाए हुए पुराने दोस्त रूस का रूख किया था। अब कावेरी टर्बोफैन इंजन का टेस्ट रूस में इल्यूशिन 11-76 एयरक्राफ्ट में लगाकर किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर इस हफ्ते रूस में रहेंगे। दरअसल, हाल में ओपेन मैग्जीन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में दावा किया है कि अगर फ्रांस भारत के साथ राफेल लड़ाकू विमान का सोर्स कोड शेयर नहीं करता है तो भारत, रूसी लड़ाकू विमान एसयू-57 खरीदने का विचार कर चुका है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन लड़ाकू विमान की टेक्नोलॉजी भारत से शेयर करने तैयार हैं। इस लड़ाकू विमान की रूसी कंपनी सार्वजनिक तौर पर कह चुकी है कि वो ना सिर्फ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए तैयार है, बल्कि भारत में फिफ्थ जेनरेशन लड़ाकू विमान बनाने के लिए तैयार है। भारत सरकार तैयार हुई तो एसयू-30एमकेआई प्रोडक्शन यूनिट से ही एसयू-57 लड़ाकू विमान का उत्पादन भारत में इसी साल से शुरू कर सकती है। ओपन मैग्जीन ने दावा किया है कि भारत ने हालिया समय में फ्रांस के साथ 26 राफेल मरीन के लिए जो सौदा किया है, उसपर भी पुनर्विचार कर रहा है।



## क्या होता है कोड

सोर्स कोड का मतलब होता है, किसी हथियार प्रणाली, जैसे फाइटर जेट, मिसाइल या रडार का वह मूल सॉफ्टवेयर या प्रोग्रामिंग कोड जिससे वह ऑपरेट होता है। यह किसी भी आधुनिक लड़ाकू विमान की 卐जान卐 होती है। अगर राफेल का सोर्स कोड मिलता है तो भारत उसमें स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कस्टमाइजेशन, भारतीय रडार या सैटेलाइट नेटवर्क से लिंकिंग को शामिल करने के साथ साथ भविष्य में अपनी जरूरत के हिसाब से अपग्रेडेशन भी कर सकता है। भारत ने सितंबर 2016 में फ्रांस के साथ 36 राफेल लड़ाकू विमानों की डील की इसमें फ्रांसीसी कंपनी ने भारत की जरूरतों के हिसाब से कई कस्टम फीचर्स शामिल किए थे। इस समझौते के तहत कुछ कंपोनेंट्स का टेक्नोलॉजी ट्रांसफर तो हुआ, लेकिन फ्रांस ने सोर्स कोड नहीं दिया। मिराज लड़ाकू विमान भारत ने फ्रांस से ही खरीदा था और आज तक फ्रांस ने मिराज को सोर्स कोड भी भारत को नहीं सौंपा। ऐसे में भारत अब फ्रांस के अड़ियल रवैये को देखते हुए राफेल मरीन जेट सौदे पर फिर से विचार कर रहा है।

## मेघालय में लापता इंदौर के दंपति बेसुराग

### सांसद शिलांग पहुंचे

**इंदौर।** हनीमून पर शिलॉन्ग घूमने गए इंदौर के पति-पत्नी राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम के तीन दिन से लापता होने पर हडकंप मचा हुआ है। स्थानीय पुलिस ने उनकी तलाश में बीती देर रात तक सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान उनके दो बैग झाड़ियों के पास खाई में पड़े मिले। आज सुबह से फिर सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। इंदौर में परिवार से जुड़े अर्पित चौहान का कहना है कि इंदौर पुलिस और शिलॉन्ग पुलिस से उन्हें मदद मिल रही है। इस मामले में मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव के मेघालय के सीएम से बातचीत के बाद सांसद शंकर लालवानी बुधवार सुबह शिलॉन्ग पहुंच गए हैं। लालवानी ने बताया कि यहां वे ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के परिजनों से मिलकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। मेघालय पुलिस के मुताबिक दंपति की मोबाइल लोकेशन आखिरी बार मावलाखाइट गांव में पाई गई।

## राजधानी में बेमौसम बारिश का दौर जारी

राजधानी में बीती रात तेज अंधड और बारिश के बाद कई इलाकों में आज सुबह तक पानी भरा रहा। आज भी सुबह से बादल हैं और शाम तक बारिश के फिर आसार हैं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मध्यप्रदेश के आसपास दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इस वजह से राजधनी भोपाल समेत प्रदेश में आंधी-बारिश वाला मौसम है।







### : शिवाजी नगर में हुआ था करारा विरोध तो रविशंकर मार्केट की तरफ मुड़ गए अफसर

# रीडेवलपमेंट के लिए एक हजार करोड़ खर्च करेगा हाउसिंग बोर्ड

## सरस्वती नगर के 1146 मकान होंगे जमींदोज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजधानी में जवाहर चौक के पास 19.21 एकड़ में बने रीडेवलपमेंट का परियोजना अब तक का शहर का सबसे बडा परियोजना होगा। सरस्वती नगर के कायाकल्प वाले इस परियोजना का रास्ता साफ हो गया है। साधिकार समिति ने इसे मंजूरी दे दी है। हाउसिंग बोर्ड इस पर 1004 करोड़ रुपए खर्च करेगा। रीडेवलपमेंट का यह पहला परियोजनाहोगा, जो इतने बडे हिस्से का है और इस पर इतनी बड़ी राशि खर्च की जा रही है। इससे पहले रविशंकर मार्केट के लिए करीब 500 करोड़ का परियोजना बन चुका है। हालांकि रविशंकर शुक्ल मार्केट के इस परियोजना का व्यापारियों के एक वर्ग विरोध भी कर रहा है।**

इसकी बड़ी वजह यह है कि चारों तरफ सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के शासकीय मकान हैं, पर्यावरण व खुलेपन के चलते यह क्षेत्रकाफी बेहतर माना जाता है लिहाजा कुछ महीने पहले जब सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर इन्ही सरकारी मकानों को तोड़कर नये बहुमंजिला बनाने की कोशिश की थी तो कुछ महीने पहले इसका जबर्दस्त विरोध हुआ था और सरकार को कदम वापस खींचना पडे थे।



### बेहद जर्जर हो चुके हैं यहां के भवन

सरस्वती नगर और शास्त्री नगर को हाउसिंग बोर्ड ने करीब 50 साल पहले विकसित किया था। अब यहां के भवन बेहद जर्जर हो चुके हैं। इनके छज्जे गिरने से लेकर प्लास्टर निकलने व बारिश में पानी टपकने की स्थिति बनती है। ऐसे में इन भवनों को नए सिरे से बनाकर नए फ्लैट दिए जाने से आगामी चालीस साल तक की दिक्कत दूर हो जाएगी।करीब 17 एकड़ दायरे में बसाए जाने वाले नए सरस्वती नगर में एक हजार से ज्यादा नए खरीदारों के लिए फ्लैट तैयार होंगे, जिनका फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) पुराने फ्लैट्स से 20त्न ज्यादा होगा। बाकी का 2.21 एकड़ हिस्सा डुप्लेक्स बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा। रीडेवलपमेंट पॉलिसी के एफएआर के नियम मानें तो हाउसिंग बोर्ड मौजूदा क्षेत्र से तीन गुना ज्यादा निर्माण कर सकता है। अभी यहां 1146 मकान और 46 दुकानें हैं। 12 अगस्त 2024 को भोपाल नगर निगम ने सरस्वती नगर को जर्जर घोषित किया था।

### रहवासियों को तीन साल तक किराया

सरस्वती नगर के रहवासियों को जो 20 फीसदी बड़ा नया घर मिलेगा, उसके लिए उन्हें सिर्फ बढ़े हुए 20त्न हिस्से की स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी। नए फ्लैट्स का निर्माण पूरा होने तक मौजूदा रहवासियों को बोर्ड कलेक्टर गाइडलाइन के अनुरूप किराया भी देगा। इसके लिए 27.76 करोड़ रुपए का प्रावधान भी कर लिया है। वर्क ऑर्डर होने के बाद इस प्रोजेक्ट को तीन साल में तैयार करने की योजना है। अफसरों का मानना है कि अब शहरी क्षेत्रों में रहवासी आवासों की मांग तेजी से बढ़ रही है। लिहाजा प्रदेश की राजधानी में बीचोबीच प्राइम लोकेशन पर बनने जा रहा सरस्वती नगर रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट शहरी आवासों की जरूरतों को पूरा कर सकेगा। अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।

### जनसुनवाई में इस बार शिकायतें ज्यादा

## एयर होस्टेस बनाने की ट्रेनिंग और होटल मैनेजमेंट कोर्स का किया गया वादा !

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हर सप्ताह होने वाली जनसुनवाई में अफसरों ने डेढ सौ समस्या सुनी व उनके निराकरण के निर्देश दिये। खास बात यह है कि इस बार कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में अधिक आवेदन पहुंचे। इनकी कुल संख्या 158 रही। इनमें एक आवेदन बेटी के भविष्य के साथ खिलवाड़ को लेकर कोलार की लाडकुंवर प्रजापति का था। उन्होंने बताया कि बेटी निकिता के पास कॉल आया था कि एचएस एविएशन एकेडमी में प्रवेश लेने पर उसे एयरहोस्टेस बनने की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने जेवर गिरवी रखकर 40 हजार रुपए और एजुकेशन लोन लेकर कुल 1 लाख 40 हजार रुपए जमा किए थे। उनसे कहा गया था कि 8 महीने में बेटी की 40 से 50 हजार रुपए तक की नौकरी लग जाएगी। लेकिन, समय होने पर एकेडमी द्वारा कोई नौकरी नहीं लगवाई गई। जब विरोध किया तो कहा गया कि बेटी को होटल मैनेजमेंट में इंटर्नशिप करवा देंगे।

जनसुनवाई में गीता नगर भानपुर के रहने वाले रविशंकर पटेल ने शिकायत की कि उनकी बेटी की शादी 16 अप्रैल को तय थी लिहाजा भानपुर स्थित निर्मल मैरिज गार्डन बुक किया, गार्डन वालों ने 20 हजार रुपए एडवांस जमा कर लिए थे। किन्हीं कारणों के चलते शादी निरस्त हो गई। इसकी 4 फरवरी को मैरिज गार्डन के मैनेजर को सूचना दे दी गई थी। इसके बाद एडवांस राशि की वापसी की मांग करने पर गार्डन वालों ने पैसे वापस करने से मना कर दिया। विरोध करने पर सिर्फ 10 हजार रुपए वापस किए। रविशंकर ने बचे हुए 10 हजार रुपए वापस करने की मांग की है।

### मजदूरों की समस्याओं पर आवेदन

आईएसआरडी (इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने कलेक्ट्रेट में आवेदन करके कहा कि संस्था बस्तियों में शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए काम करती है। लेकिन, मजदूरों के मजदूर कार्ड सही से भरकर जमा किए गए थे, फिर भी उन्हें बिना कारण निरस्त कर दिया गया। कई ठेकेदार रजिस्टर्ड नहीं हैं और मजदूरों के आवेदन पर साइन नहीं करते, जिससे आवेदन अधूरे रह जाते हैं। कई लोगों का राशन कार्ड बन गया है, लेकिन गल्ला पर्ची मिलने में अधिक समय लग रहा है।

### देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर

## साधु वासवानी कॉलेज में विचार सत्र, युवाओं ने प्रस्तुत किए विचार



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती प्रदेशव्यापी जनकल्याणी पर्व के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके जनकल्याणकारी कार्यों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रभावशाली भाषण दिए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपनी रचनात्मकता और गहन सोच का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन सैयद हसनैन के कुशल नेतृत्व में किया गया। अंत में ममता चौबे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मीना मोटवानी, नेहा संतानी, बाबूलाल जोनवाल, अंजु माझीराना और रिन्नी चाँदवानी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाएं और 25 हजार पाएं

**भोपाल।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत केबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार राह-वीर योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन जारी कर दी गई है। गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (दुर्घटना से एक घंटे के भीतर का समय) में अस्पताल पहुंचाने वाले %राह-वीर को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा।इसके साथ ही चुने हुए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

**राह-वीर के लिए पात्रता-** कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर तत्परता से पहुंचाकर जान बचाता है ऐसे सभी व्यक्ति राह-वीर योजना के लिए पात्र होंगे। गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए

## कांग्रेस नेताओं ने आधुनिक भारत के निर्माता नेहरूजी को किया नमन



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेसजनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आधुनिक भारत के निर्माण में उनके असाधारण योगदान को याद किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण ने इस अवसर पर कहा कि नेहरू जी आधुनिक भारत के वास्तुकार थे, जिन्होंने आजादी के बाद देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी ने बताया कि नेहरू जी के नेतृत्व में ही पूरे विश्व में भारत की एक विशिष्ट पहचान बनी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने भोपाल के लिए नेहरू जी के विशेष योगदान को रेखांकित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, आनंद सबधाणी, प्रवक्ता महेश गुरबानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज मनवानी, लीलाधर पंवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता महेश गुरबानी ने किया। अंत में, उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन रखकर पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संत कॉलेज में एनएसएस परीक्षा हुई, सेवा से होता है व्यक्तित्व का निर्माण




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में बीयू से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बी और सी प्रमाणपत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा कॉलेज परिसर में आयोजित की गई, जिसमें डॉ. हेमलता वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, भोपाल, मुख्य परीक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। परीक्षा में द्वितीय और तृतीय वर्ष की स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जो एनएसएस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने छात्राओं को एनएसएस को केवल एक गतिविधि के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एनएसएस मंच न केवल राष्ट्र निर्माण में सहायक है, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं को निष्ठा के साथ सामाजिक सेवा करने और प्रभावी सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से संस्थान व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

**मेट्रो एंकर**

### शनि जन्मोत्सव पर संतनगर भक्तिमय

# मंदिरों में गूंजे सुंदरकांड और जयकारे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

**संतनगर में मंगलवार को श्री शनि महाराज जी का जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गयामंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान, अभिषेक और विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।**

संतनगर स्थित सीहोर नाका शनि मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के व्यवस्थापक सनी जोशी ने बताया कि यह मंदिर बहुत पुराना है, जहाँ सैकड़ों श्रद्धालु नियमित रूप से दर्शन करने आते हैं। उन्होंने कहा कि शनि जयंती पर विशेष आयोजन होते हैं, और इस वर्ष भी ये आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुए। मंदिर के सदस्य और पुजारी सनी जोशी, रमन जोशी, धीरज जोशी, ब्रजेश और सुनील, विजय ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जीतू कटारिया, दयाराम मेहर, त्रिलोक भाऊ, समाजसेवी बंधु उपस्थित रहे।




**शनि अभिषेक किया-** बजरंग सेना समिति द्वारा हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, लालघाटी पर भी विशेष शनि अभिषेक का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से श्री शनि महाराज जी का अभिषेक सरसों के तेल, काले तिल, धूप, दीप और कपूर से किया गया। समिति के अर्चक पुरोहित ने शनि जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दिन गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों को काले वस्त्र, अन्न (जैसे काली दाल, तिल) और लोहे से बनी वस्तुओं का दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

अनुष्ठान में लालघाटी हनुमान मंदिर के महंत शिवा भारती, बजरंग सेना समिति के बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी , राजकुमार गर्ग, मुख्य सलाहकार रूप कुमार सोनी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, महासचिव गुरदास रामचंदानी, सचिव एडवोकेट बृजकिशोर सेन, राजकुमार धानुक, राजेश, नरेश और सोनू सहित कई सदस्य और श्रद्धालु शामिल हुए।

### दोनों फैसले मोहन कैबिनेट ने लिए

# 10 जून तक चलेगी तबादला एक्सप्रेस मेडिकल खर्च का 80 फीसद एडवांस भी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कर्मचारियों के तबादले 10 जून तक होंगे। पहले इसकी डेडलाइन 30 मई तय थी। विभागों के पास बड़ी संख्या में आवेदन आने के बाद यह तय किया है कि डेडलाइन 10 दिन तक बढ़ाई जाए। वहीं कर्मचारियों व पेंशनरों को इलाज पर होने वाले कुल खर्च का 80 फीसद एडवांस मिल सकेगा। यह उक्त् राशि का भुगतान करने के अधिकार विभागाध्यक्षों को मिल गए हैं। ये दोनों निर्णय मंगलवार को कैबिनेट बैठक में हुए। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्मचारी सम्मान एवं आभार कार्यक्रम में घोषणा की है कि सरकार कर्मचारियों के खिलाफ सभी काले कानूनों को खत्म करेंगे। इसके पहले कर्मचारियों की ओर से मांग रखी थी कि नए कर्मचारियों के वेतन-भत्ते में शुरू के तीन वर्षों तक कटौती होती है, जिसे बंद किया जाए।

### सीएम डॉ. मोहन यादव का सम्मान

कैबिनेट बैठक के बाद मंत्रालय सचिवालय शीघ्रलेखक संघ व संघ समूहों ने मंत्रालय परिसर में सीएम डॉ. मोहन यादव का सम्मान किया। सचिवालय शीघ्रलेखक संघ के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने बताया कि नए कर्मचारियों को पहले साल कुल वेतन व भत्तों का 70 फीसद, दूसरे वर्ष में 80 फीसद व तीसरे साल में 90 फीसदी मिलता था इसे बदला जाए, जिस पर सीएम ने कहा कि सारे काले कानून बदल देंगे।



असल में सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कुछ मंत्रियों ने कहा कि उनके पास तबादलों के हजारों आवेदन आ रहे है। इनमें से कई का वे निराकरण नहीं कर पाए। खासकर स्कूल शिक्षा विभाग के पास तो 50 हजार से अधिक आवेदन आए हैं इसलिए अवधि बढ़ाई जानी चाहिए। इसी तरह कुछ विषय दूसरे मंत्रियों ने भी रखे जिस पर सीएम ने कहा कि अभी तो 30 मई को अंतिम तिथि मानकर तबादला करें, जरुरत पड़ी तो सोचेंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तबादला की समय अवधि बढ़ाए जाने की मांग संबंधी सुझाव मिलने की पुष्टि की। सूत्रों के मुताबिक करीब दो लाख कर्मचारी तबादले चाहते हैं, अब तक 1 फीसद का भी तबादला नहीं हुआ। कैबिनेट बैठक में वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2025 भाग-1 का अनुमोदन किया। जिसमें इस बात के प्रावधान है कि जो कर्मचारी व पेंशनर खुद का व परिवार के सदस्यों का इलाज कराएंगे, उस पर आने वाले कुल खर्चे का 80 फीसद भुगतान विभागाध्यक्ष कर सकेंगे। अभी भुगतान की फाइल स्वास्थ्य विभाग के पास जाती है, जहां महीनो लग जाते हैं।

# पंचायत उपचुनाव के लिए महीने भर में जुड़ेंगे और कटेंगे नाम

### कार्यक्रम जारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पंचायत राज संस्थाओं के उपचुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। इसमें एक जनवरी 2025 को आधार मानकर नए मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 25 जून को ग्राम पंचायत और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करेंगे।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रशिक्षण देने और शिफ्टिंग सूची के सत्यापन का कार्य करेंगे। इसके बाद मतदाता सूची तैयार किए जाने का काम शुरू होगा। इसके लिए जो भी कर्मचारी तैनात किए जाएंगे उन्हें आयोग द्वारा तय समय सीमा में मतदाता सूची में बदलाव कर देना होगा ताकि चुनाव कार्यक्रम तय किए जा सकें। बताया जाता है कि मतदाता सूची बनाने वाले वेण्डर 30 मई को शिफ्टिंग, जांच और संशोधन के लिए चेकलिस्ट रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को देंगे। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 5 जून को किया जाएगा। इस संबंध में मतदाताओं तथा जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के लिए 5 और 6 जून को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएंगी।

मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियां 5 से 11 जून तक प्राप्त की जाएंगी। दावे आपत्तियों का निराकरण 17 जून तक किया जाएगा। इसकी चेकलिस्ट 20 जून तक तैयार




करके चेकलिस्ट में सुधार के बाद 21 जून को वेण्डर को उपलब्ध करा दिया जाएगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची 23 जून तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं वेण्डर द्वारा जनरेट की जाएगी। इसे 23 जून को ही वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

# मोहन सरकार ने विभागाध्यक्षों के वित्तीय अधिकार 13 साल बाद बढ़ाए

**- पेंशन का निपटारा कर सकेंगे, पुराने पदों को खत्म कर जरुरत की नई भर्ती कर सकेंगे**

**- भवनों को तोड़ने, संधारित करने के लिए फाइलें वित्त के पाले में नहीं अटकेंगी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में विभागाध्यक्षों के वित्तीय अधिकारी सरकार ने 13 साल बाद बढ़ाने के निर्णय लिए हैं, ये अधिकार 1 जुलाई से मिल जाएंगे। मंगलवार हुई कैबिनेट बैठक इसके लिए वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2025 भाग-1 का अनुमोदन किया गया। अब विभागाध्यक्ष पेंशन से जुड़े मामलों का स्वयं निपटारा कर सकेंगे। फाइलें वित्त के पास भेजने की जरुरत नहीं पड़ेगी। टाइपराइटर जैसे पुराने उपयोग विहीन पदों को खत्म कर जरुरत की नई भर्तियां कर सकेंगे। उपयोगविहीन मशीनों की खरीदी पर रोक रहेगी, नए उपकरण स्वयं के स्तर पर खरीद सकेंगे। जन कल्याण से जुड़े कामों की स्वीकृति स्वयं के स्तर पर ले सकेंगे, छोटी-छोटी फाइलें वित्त के पास नहीं भेजनी होगी। विभागों को मिलने वाले बजट का शत-प्रतिशत उपयोग हो, इसके लिए लोगों के कल्याण से जुड़े निर्णयों के लिए वित्त विभाग की ओर नहीं देखना होगा, बल्कि स्वयं के स्तर पर निर्णय ले सकेंगे। पुराने भवनों को तोड़ने के लिए सामान्य प्रशासन से अनुमति लेने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि यह निर्णय भी स्वयं के स्तर पर ले सकेंगे ये सभी अधिकार 1 जुलाई से मिल जाएंगे। इसके बावजूद भी काम में ढिलाई बरती तो सरकार ऐसे विभागाध्यक्षों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### 5 को काम बंद हड़ताल

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच दैनिक वेतन भोगी व अंशकालीन कर्मचारी समिति की बैठक में निर्णय लिया कि जनजाति कार्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी व अंशकालीन कर्मचारी की प्रमुख मांगों की समर्थन में 5 जून को काम बंद हड़ताल करके भोपाल में जनजाति कार्य विभाग के मुख्यालय में धरना दिया जाएगा तथा आयुक्त को ज्ञापन सोपा जाएगा। बैठक को अशोक पांडे प्रमोद बर्डे महेंद्र सारस ने संबोधित किया। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि विभाग के स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित करने समेत कई मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही है।

# कांग्रेस बोली-भाजपाराज में अपराधियों के हौसले बुलंद, महिलाएं असुरक्षित



**भोपाल।** मप्र कांग्रेस महिला अत्याचार को लेकर मुखर हो गई है और भाजपा सरकार पर निशाने साध रही है। पार्टी प्रवक्ता रवि सक्सेना ने कहा है कि खंडवा जिले में आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप और हत्या की वीभत्स घटना ने साफ कर दिया है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। यह सिर्फ एक मामला नहीं है – पूरे प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बाढ़ आई हुई है तथा भाजपा सरकार इस पर कोई प्रभावी कदम उठाने की बजाय मौन साधे बैठी है।÷सक्सेना ने कहा कि भाजपा के कई मंत्रियों पर गंभीर आरोप हैं, जिनमें कोर्ट की अवमानना से लेकर सेना का अपमान तक शामिल हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सरकार कूपमँडूक बनी है। अशोकनगर से लेकर खरगोन, सतना से लेकर मन्दसौर, जबलपुर तक भाजपा के नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ बदसलूकी, मारपीट, यौन उत्पीड़न और अन्य आपराधिक गतिविधियों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। बावजूद इसके ना तो पार्टी उन्हें निष्कासित करती है, न ही सरकार उन पर कानूनी कार्रवाई करती है। यह अपराधियों को संरक्षण देने की संस्कृति है। प्रधानमंत्री से सवाल-इस मामले में पीएम मोदी से सवाल किये हैं जो 31 मई को भोपाल में महिला शक्ति सम्मेलन में आ रहे हैं। सक्सेना ने पूछा है-आपकी सरकार में बेटियाँ सुरक्षित क्यूँ नहीं हैं? क्या मंत्री विजय शाह और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जैसे दोषी मंत्रियों को बचाना प्राथमिकता है? मप्र में अपराध रोकने के लिए भाजपा सरकार नें प्रभावी कदम क्यूँ नहीं उठाए? सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर महिला, हर पीड़ित परिवार और हर नागरिक के साथ खड़ी है। हम इन अपराधों को न सिर्फ सदन में उठाएँगे, बल्कि सड़कों से लेकर हर जिले और गाँव तक आवाज बुलंद करेंगे, क्योंकि अब मौन रहने का वक्त नहीं है।



## संपादकीय

# अमेरिका में भारतीयों पर नया संकट

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा द्वारा महज एक मत अंतर से पारित 'बड़े और सुंदर' कर एवं व्यय विधेयक में एक छोटा मगर अनाकर्षक प्रावधान है, जो संभवतः अमेरिका में रहने वाले अनेक गैर नागरिकों को प्रभावित करने वाला है। यह है 3.5 फीसदी का रेमिटेंस टैक्स, जो सभी ग्रीनकार्ड धारकों और एच1बी, एल1 यानि जिसके तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां विदेशी शाखाओं के कर्मचारियों को अस्थायी रूप से अमेरिका स्थानांतरित कर सकती हैं तथा एफ1 यानी छात्र, श्रेणियों के गैर आप्रवासी वीजा धारकों पर लागू किया जाएगा। इस कर को अमेरिका में चुकाए जाने वाले अन्य संघीय या राज्य स्तरीय करों के विरुद्ध समायोजित भी नहीं किया जा सकेगा। हालांकि कर को मूल प्रावधान के 5 फीसदी से कम कर दिया गया है लेकिन इसके अनचाहे नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। कर लगाने के पीछे तर्क डॉलर के बहिर्गमन को रोकना बताया गया। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस भेजने वाला देश है। 2023 में वहां रहने वाले प्रवासियों ने करीब 85.7 अरब डॉलर की राशि बाहर भेजी जो वैश्विक रेमिटेंस का करीब 27 फीसदी थी। बहरहाल, व्यापक तस्वीर को ध्यान में रखें तो आर्थिक तर्क कमजोर प्रतीत होता है। ऐसा लगता है कि इसका वास्तविक लक्ष्य डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के आप्रवासी विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाना है। इस धनप्रेषण का विनिमय दरों या मुद्रा भंडार पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता है। कुल मिलाकर यह रेमिटेंस अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद के एक फीसदी से भी कम है। परंतु डॉलर की मजबूती को देखते हुए प्राप्तकर्ता देशों में रहने वाले परिवारों पर इसका अहम असर होगा। तकरीबन 50 लाख भारतीयों के पास अमेरिकी वीजा है। 2.07 लाख लोगों के पास एच1बी वीजा और 3.31 लाख लोगों के पास छात्र (एफ1) वीजा है और वे ग्रीनकार्ड धारकों में अहम हिस्सेदारी रखते हैं। तकरीबन 32 अरब डॉलर के साथ अमेरिका भारत आने वाले रेमिटेंस में 27 फीसदी के लिए जिम्मेदार है। अप्रवासन को हतोत्साहित करने के अलावा यह समझ पाना मुश्किल है कि अमेरिका को इस कर से क्या लाभ होगा। सिलिकन वैली में पहले ही यह भय है कि प्रशासन के प्रवासी विरोधी एजेंडे के कारण उसके पास प्रतिभाओं की कमी हो सकती है। अगर विदेशी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए वैकल्पिक देशों का रुख करते हैं तो प्रतिभाओं तक पहुंच और भी कम हो जाएगी। जहां तक भारत का संबंध है, रेमिटेंस कर दुर्भावना भी दर्शाता है क्योंकि भारत ने व्यापार समझौते के पहले सहृदयता संकेत के रूप में ऑनलाइन विज्ञापन पर लगने वाला 6 फीसदी का 'गूगल कर' एक अप्रैल से समाप्त कर दिया था। यह भारत-अमेरिका दोहरे कराधन निवारण संधि के गैर भेदभावकारी प्रावधान का उल्लंघन भी हो सकता है। विडंबना ही है कि प्रवासियों को अपना पैसा अमेरिका में रखने के लिए प्रेरित करने के बजाय यह कर उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित कर सकता है कि वे तय सीमा से नीचे रहने की कोशिश करें। इससे हवाला कारोबार दोबारा सिर उठा सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा प्रवाह पर निगरानी रखने की व्यवस्था कमजोर पड़ेगी। इसमें चाहे जितनी बुराई हो लेकिन संभावना यही है कि जून में सीनेट इसे पारित कर देगी क्योंकि वहां रिपब्लिकंस के पास सहज बहुमत है तथा 2026 के आरंभ में उस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे।अब भारत का भावी रुख काफी अहम होगा।


# जासूसी के मकड़जाल पर कानून की निगहबानी

■ के.पी. सिंह

हाल ही में हुए सशस्त्र संघर्ष के बाद भारत में पाक खुफिया एजेंसियों के जासूसों और मुखबिरों के नेटवर्क पर कार्रवाई अपरिहार्य थी। यू-ट्यूबर, यायावर, शिक्षाविद, अपराधी और छोटे व्यवसायियों सहित एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों को दुश्मन देश की गुप्त सेवाओं के साथ संदिग्ध सम्बन्धों के चलते गिरफ्तार किया गया है। सम्भव है कि इनमें से अधिकतर व्यक्ति धन प्राप्ति, वीडा पाने और प्रायोजित विदेश यात्राओं की खातिर अथवा अन्य प्रलोभन के वशीभूत होकर विदेशी एजेंटों के जाल में फंस गए हों।समय के साथ जासूसी के दायरे और विधाओं में बदलाव आया है और इसके आयाम अधिक व्यापक और जटिल हो गए हैं, जिसमें विभिन्न तकनीक पर आधारित, कार्यप्रणाली तथा तरह-तरह के लक्ष्य शामिल होते जा रहे हैं। प्राचीन युग में राजाओं के मुखबिर जानकारी एकत्रित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर गुप्त रूप से घूमते थे। अधीनस्थ रियासतों के षड्यंत्रों तथा महल की साजिशों का पर्दाफाश करने के लिए भी राजाओं द्वारा गुप्तचर नियुक्त किए जाते थे।

आधुनिक सूचना क्रान्ति के दौर में गुप्त जानकारी एकत्रित करने की प्रक्रियाएं पूरी तरह से बदल गई हैं। इनमें साइबर हमलों और आतंकवाद से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सम्भावित खतरों की पहचान करना, विरोधियों की सैन्य क्षमताओं को परखना और सैनिकों की आवाजाही पर नजर रखने के साथ-साथ व्यापारिक रहस्यों, बाजार के रुझान और प्रतिस्पर्धियों की जानकारी से सम्बन्धित मामलों पर आर्थिक जासूसी शामिल है। साथ ही राजनीतिक और सामाजिक संस्थानों एवं भू-राजनीति से जुड़े मसलों की निगरानी शामिल है।औद्योगिक क्रान्ति के बाद, आधुनिक राज्य की अवधारणा विभिन्न स्वरूपों में अवतरित हुई, जिसके परिणामस्वरूप एक जटिल विश्व-व्यवस्था का उदय हुआ। इस व्यवस्था के लिए आवश्यक रणनीतिक, कूटनीतिक और सामरिक महत्व की जानकारी एकत्रित करने के लिए पारम्परिक मानव-केन्द्रित गुप्तचर प्रणाली बहुत कम उपयोगी रह गई है। इसके लिए सिग्नल इंटेलिजेंस, वायर इंटरसेप्शन, फोटोग्राफी, उपग्रह इमेजरी और साइबर निगरानी जैसी प्रौद्योगिकी और अमूर्त परिसम्पत्तियों पर आधारित तौर-तरीकों से परिपूर्ण एक सम्पूर्ण गुप्तचर संस्था की जरूरत आन प?ी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर उपकरणों का उपयोग सटीक और सम्यक 'सॉफ्ट इंटेलिजेंस' एकत्रित करने और दुश्मन की इलेक्ट्रॉनिकी पर आधारित प्रणालियों को बाधित करने के लिए किया जा रहा है। विरोधियों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को निष्क्रिय करने के लिए हार्डवेयर को हैक करना और सॉफ्टवेयर से छेड़छाड़ करना आम बात हो गई है। साइबर जासूसी के क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक-संचार माध्यमों को बाधित करके उनसे प्राप्त सिग्नलों का विश्लेषण करने के लिए 'सिग्नल इंटेलिजेंस' लोकप्रिय हो रही है। 'इमेजरी इंटेलिजेंस' तकनीक का उपयोग करना, जिसमें उपग्रह और ड्रोन, हवाई टोही यंत्रों द्वारा डिजिटल फोटोग्राफी शामिल है, अब कोई रहस्य नहीं रह गया है।

हालांकि, व्यक्तियों, संगठनों और दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अन्दर के भेदी लोगों को अपने साथ मिलाकर लक्षित संस्थान के अन्दर घुसपैठ करके पारम्परिक निगरानी के तरीके गुप्त एजेंसियों द्वारा अभी भी प्रयोग में लाए जा रहे हैं। दुश्मन की सूचना एकत्र करने वाली इकाइयों को बाधित और भ्रमित करने, देश के रणनीतिक हितों के रक्षार्थ तथा 'डीप स्टेट' के नापाक मंसूबों पर पानी फेरने के लिए भी जासूसी आवश्यक है। हितधारक, प्रतिद्वंद्वी की गुप्तचर प्रणालियों से छेड़छाड़ करने तथा राजनीतिक, आर्थिक और



सामाजिक विमर्शों पर प्रायोजित एवं अपेक्षित राय विकसित करने के उद्देश्य से अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों से युक्त 'डीप स्टेट' की सेवाएं निरन्तर ले रहे हैं।'डीप स्टेट' वह अवधारणा है जिसके अन्तर्गत व्यक्तियों के समूह, अदृश्य रहकर, सरकारों और संस्थानों की नीतियों और गतिविधियों को बिना कोई जिम्मेदारी ओढ़े संचालित अथवा प्रभावित करते हैं। कुछ हालिया गिरफ्तारियों को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। दुनियाभर की सरकारों द्वारा जासूसी और 'डीप स्टेट' के प्रचार के खतरों से निपटने के लिए कानूनी तंत्र विकसित किया जाता रहा है। ब्रिटिश शासन के दौरान, भारत में सरकार और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेजों और सूचनाओं के प्रकटीकरण को रोकने के लिए गवर्नर जनरल द्वारा वर्ष 1889 में भारतीय आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (आईओएस एक्ट) अधिनियमित किया गया था। लॉर्ड कर्जन के शासनकाल में इस कानून को और मजबूत किया गया और परिणामस्वरूप 1904 में आईओएस एक्ट में संशोधन किए गए।प्रथम विश्व युद्ध के बाद, अंग्रेजों को सैन्य रहस्यों और प्रतिष्ठानों को पहले से कहीं अधिक सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता महसूस हुई, जिसके परिणामस्वरूप मौजूदा 'आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923' (ओएस एक्ट) पारित किया गया। जिसमें शासन के लिए आवश्यक गोपनीयता के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा गया था। ओएस एक्ट जासूसी को अपराध घोषित करता है। जासूसी की परिभाषा में किसी निषिद्ध स्थान में प्रवेश करना या स्कैच और नोट बनाना या किसी सरकारी दस्तावेज या सूचना को प्राप्त करके उसे अवांछनीय तत्वों तक पहुंचाने के कार्य को शामिल किया गया है, जो किसी दुश्मन के लिए उपयोगी साबित हो सकता हो या जो भारत की संप्रभुता और अखण्डता एवं विदेशों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों को प्रभावित कर सकते हो। यहाँ तक कि किसी विदेशी गुप्तचर के साथ मात्र सम्पर्क रखना भी ओएस एक्ट की धारा 4 में अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। गोपनीयता, सरकारों के कामकाज में अन्तर्निहित है। किसी भी सरकारी सूचना को जान-बूझकर प्रकट करना या किसी लोक सेवक के कब्जे में स्थित आधिकारिक दस्तावेज को किसी अनाधिकृत व्यक्ति के साथ साझा करना 'ओएस एक्ट' के अन्तर्गत अपराध है जिसमें 3 वर्ष तक की सड़ा हो सकती है। कुछ समय से यह महसूस किया जा रहा था कि 'ओएस एक्ट' केवल सैन्य और सुरक्षा प्रतिष्ठानों के इर्द-गिर्द घूमने वाले अवांछित व्यक्तियों और लोक सेवकों के अविवेकपूर्ण आचरण पर अंकुश लगाने के लिए ही पर्याप्त है, यह दुश्मन के गुप्तचरों से राष्ट्रीय सुरक्षा को दरपेश गम्भीर खतरों से निपटने के लिए सक्षम नहीं है। तदानुसार, भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) मे एक नई धारा 152 जो?ी गई, जिसके अन्तर्गत सशस्त्र विद्रोह को भ?काना या अलगाव को बढ़ावा देना और वित्तीय साधनों या अन्य किसी भी प्रकार से भारत की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता को खतरे में डालना आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, भारत की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली भ्रामक जानकारी फैलाना और बेबुनियाद प्रचार करना अथवा उन्हें प्रकाशित करना, बीएनएस की नई जोड़ी गई धारा 197(1)(डी) के अन्तर्गत 3 वर्ष तक की कैद से दण्डनीय अपराध घोषित किया है।

निस्संदेह, राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत की एकता और अखण्डता, सार्वजनिक शांति और सामाजिक सद्भाव सर्वोपरि हैं और इन पर कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता। साथ ही, अभिव्यक्ति की आजादी की सुरक्षा की खातिर जासूसी से जु? सभी मामलों की निष्पक्ष जांच भी जरूरी है ताकि कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा कानूनी शक्तियों के किसी भी दुरुपयोग की सम्भावना को रोका जा सके।

***साभार लेखक हरियाणा के पुलिस महानिदेशक रहे हैं।***

> आप अंधकार से लड़ नहीं सकते। आपको रोशनी पैदा करनी होगी, और अंधकार चला जाएगा।

## आज का इतिहास

- 1937 उत्तरी ध्रुव -1, सोवियत और रूसी मानवयुक्त स्टेशन, 21 मई, 1937 को आर्कटिक महासागर के बहाव वाले बर्फ पर संचालित होने वाले पहले वैज्ञानिक अनुसंधान निपटान बन गए।
- 1946 मैनहट्टन प्रोजेक्ट के भौतिक विज्ञानी लुइस स्लोटिन ने लॉस एलामोस नेशनल लेबोरेटरी में गलती से विखंडन प्रतिक्रिया शुरू कर दी और खुद को कठिन विकिरण की घातक खुराक दी, जिससे वह इतिहास में एक महत्वपूर्ण दुर्घटना का शिकार हो गया।
- 1948 चियांग काई-शेल 20 मई, 1948 को चीन गणराज्य के पहले राष्ट्रपति बने। वह कुओमितांग (केएमटी), चीनी राष्ट्रवादी पार्टी के सदस्य थे, और उन्होंने चीन गणराज्य की राष्ट्रीय सैन्य परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
- 1961 संयुक्त राज्य अमेरिका में अलबामा के गवर्नर जॉन मैल्कम पैटरसन ने 21 मई, 1961 को अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन के दौरान हुए दंगों के प्रकोप के बाद इस आदेश को बहाल करने के प्रयास में मार्शल लॉ घोषित किया।
- 1979 सैन फ्रांसिस्को (पूर्व में चित्रित किए गए दंगों) में दंगे भड़क उठे, जब पूर्व सुपरवाइजर डैन व्हाइट को केवल महापौर जॉर्ज मोसोन की स्वैच्छिक हत्या पांडेय हत्याओं और खुले तौर पर समलैंगिक पर्यवेक्षकहेरेटो मिल्क की सजा सुनाई गई।
- 1981 इटली सरकार ने क्क्रश्चश्चड्डद्दड्डह्लड्ड छ्वद्द की सदस्यता सूची जारी की, एक अवैध छद्म-मेसोनिक लॉज जो कई इतालवी अपराधों और रहस्यों को फंसाया गया था।

## निशाना

### खूब हो रही बैठक!



-कृष्णेन्द्र राय

चिंतन मंथन चल रहा ।
हो कैसे सुधार ?
रूठ गई है जनता ।
ना करती उपकार ।।
कायाकल्प हो पुनः ।
है ऐसा प्रयास ।।
जनता को नहीं आया पर ।
कार्यशैली रास ।।
खूब हो रही बैठक ।
नहीं निकलता हल ।।
ले रहे संकल्प ।
उत्तम करना कल ।।
कहां हो रही ग़लती ।
नहीं समझ ये आया ।।
है लेकिन ये सत्य ।
हो रहा सफाया ।।

# भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दैदीप्यमान सूर्य वीर विनायक दामोदर सावरकर

■ सुरेन्द्र शर्मा

भारत का विभाजन अप्राकृतिक है,किसी देश की सीमा रेखाएँ केवल नदी पहाड़ों या संधि पत्रों से निर्धारित नहीं होती हैं,वह होती हैं उस देश के युवाओं के कर्तत्व और पौरुष से,जिस दिन भारत की आने वाली पीढ़ियां अपना कर्तत्व दिखायेंगी उस दिन भारत की सीमा रेखाएँ काबुल कांधार को लाँघकर दूर तक निकल जायेँगीङ्कसावरकर वीर सावरकर भारत के इतिहास के वह महापुरुष जिन्हें भुलाने की लगातार कोशिश की गई लेकिन उनका व्यक्तित्व ही ऐसा है कि जितना उसे ग्रहण लगाने की कोशिश की गई हर समय सूर्य के तेज की तरह दोगुने रूप में उनका व्यक्तित्व और निखर कर राष्ट्र के सामने आया।

पुण्य भूमि भारत की वीर प्रसूता भूमि महाराष्ट्र जिसने क्षत्रपति शिवाजी और लोकमान्य तिलक जैसे तेजोमय नायकों को जन्म दिया उसी महाराष्ट्र में भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दैदीप्यमान सूर्य वीर विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को नासिक के पास भगूर नामक गांव में हुआ था और उनकी मृत्यु 26 फरवरी, 1966 को बम्बई (अब मुंबई) में हुई थी। पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर एक स्वतंत्रता ,संग्राम सेनानी, राजनीतिज्ञ, वकील, समाज सुधारक और हिंदुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे। उन्होंने कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। वह अपने बड़े भाई गणेश (बाबाराव) से काफी प्रभावित थे। सावरकर जब छोटे थे, तो उन्होंने मित्र मेला नामक एक युवा समूह का आयोजन किया। वह लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल जैसे राष्ट्रवादी राजनीतिक नेताओं से प्रेरित थे और समूह को क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल करते थे। उन्होंने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में दाखिला लिया और स्नातक की डिग्री पूरी की। सावरकर को उच्च शिक्षा हेतु इंग्लैंड में कानून का अध्ययन करने का प्रस्ताव मिला और छात्रवृत्ति की पेशकश की गई। उन्हें इंग्लैंड भेजने और पढ़ाई जारी रखने में श्यामजी कृष्ण वर्मा ने मदद की थी। उन्होंने वहां ग्रेज़ इन लॉ कॉलेज में दाखिला लिया और इंडिया हाउस में निवास बनाया यह उत्तरी लंदन में एक छात्र निवास था। लंदन में वीर सावरकर ने अपने साथी भारतीय छात्रों को प्रेरित किया और आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए एक संगठन फ्री इंडिया सोसाइटी का गठन किया।

वीर सावरकर ने 1857 के स्वातंर्त्य समर की तर्ज पर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए गुरिल्ला युद्ध के बारे में सोचा। इस बीच, भारत में वीर सावरकर के बड़े भाई ने इंडियन काउंसिल एक्ट



जयंती विशेष

1909 जिसे मिंटो-मॉर्ले रिफॉर्म के नाम से भी जाना जाता है, के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इसके अलावा विरोध के साथ ब्रिटिश पुलिस ने दावा किया कि वीर सावरकर ने अपराध की साजिश रची थी और उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वीर सावरकर पेरिस चले गए और वहां उन्होंने भीकाजी कामा के आवास पर शरण ली। 13 मार्च, 1910 को उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन फ्रांसीसी सरकार तब बुरा मान गयी, जब ब्रिटिश अधिकारियों ने पेरिस में वीर सावरकर को गिरफ्तार करने के लिए उचित कानूनी कार्यवाही शुरू नहीं की। अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता का स्थायी न्यायालय ब्रिटिश अधिकारियों और फ्रांसीसी सरकार के बीच विवाद को संभाल रहा था और 1911 में फैसला सुनाया। सावरकर के खिलाफ फैसला आया और उन्हें 50 साल की कैद की सजा सुनाई गई और वापस बंबई भेज दिया गया। बाद में उन्हें 4 जुलाई 1911 को अंडमान और निकोबार द्वीप ले जाया गया। अंडमान में उन्हें काला पानी के नाम से मशहूर %सेल्यूलर जेल% में बंद कर दिया गया। जेल में उन्हें बहुत यातनाएं दी गईं। लेकिन, उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्रता की भावना जारी रही और उन्होंने वहां अपने साथी कैदियों को पढ़ाना-लिखाना सिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने जेल में एक बुनियादी पुस्तकालय शुरू करने के लिए सरकार से अनुमति भी ली। अपने जेल समय के दौरान उन्होंने एक वैचारिक पुस्तिका लिखी, जिसे ÷हिंदुत्व ÷के नाम से जाना जाता है-हिंदू कौन है? और इसे सावरकर के समर्थकों ने प्रकाशित किया। पैम्फलेट में उन्होंने हिंदू को भारतवर्ष (भारत) का देशभक्त और गौरवान्वित निवासी बताया और इससे कई हिंदू प्रभावित हुए। उन्होंने जैन धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म और हिंदू धर्म जैसे कई धर्मों को एक ही बताया। उनके अनुसार, ये सभी धर्म %अखंड भारत% (संयुक्त भारत या बृहत् भारत) के निर्माण का समर्थन कर सकते हैंअंग्रेजों के विरुद्ध लड़े गये भारत के स्वाधीनता संग्राम में वीर विनायक दामोदर सावरकर का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर देश ही नहीं, तो विदेश में भी क्रांतिकारियों को तैयार किया। इससे अंग्रेजों की नाक में दम हो गया। अतः ब्रिटिश शासन ने उन्हें लंदन में गिरफ्तार कर मोरिया नामक पानी के जहाज से मुंबई भेजा, जिससे उन पर भारत में मुकदमा चलाकर दंड दिया जा सके। 8 जुलाई, 1910 को जब वह जहाज फ्रांस के मार्सेलिस बंदरगाह के पास लंगर डाले खड़ा था, तो उन्होंने एक साहसिक निर्णय लेकर जहाज के सुरक्षाकर्मी से शौच जाने की अनुमति मांगी। वे शौचालय में घुस गये तथा अपने कपड़ों से दरवाजे के शीशे को ढककर एक रोशनदान से समुद्र में छलांग लगा दी। बहुत देर होने पर सुरक्षाकर्मी ने दरवाजा पीटा और तोड़ दिया; पर तब तक तो पंछी उड़ चुका था। सुरक्षाकर्मी ने समुद्र की ओर देखा, तो पाया कि सावरकर तैरते हुए फ्रांस के तट की ओर बढ़ रहे हैं। उसने शोर मचाकर अपने साथियों को बुलाया और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। कुछ सैनिक एक छोटी नौका लेकर उनका पीछा करने लगे; पर सावरकर तैरते हुए बंदरगाह पर पहुंच गये। उन्होंने स्वयं को फ्रांसीसी पुलिस के हवाले कर वहां राजनीतिक शरण मांगी। अंतरराष्ट्रीय कानून का जानकार होने के कारण उन्हें मालूम था कि उन्होंने फ्रांस में कोई अपराध नहीं किया है, इसलिए फ्रांस की पुलिस उन्हें गिरफ्तार तो कर सकती है; पर किसी अन्य देश की पुलिस को नहीं सौंप सकती। उन्होंने फ्रांस के तट पर पहुंच कर स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर दिया। तब तक ब्रिटिश पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गये और उन्होंने अपना बंदी वापस मांगा। दुर्भाग्य से फ्रांस की पुलिस दबाव में आ गयी। ब्रिटिश पुलिस वालों ने उन्हें कुछ घूस भी खिला दी। अतः उन्होंने सावरकर को ब्रिटिश पुलिस को सौंप दिया। उन्हें कठोर पहरे में वापस जहाज पर ले जाकर हथकड़ी और बेड़ियों में कस दिया गया। मुंबई पहुंचकर उन पर मुकदमा चलाया गया, जिसमें उन्हें 50 वर्ष कालेपानी की सजा दी गयी। सावरकर का व्यक्तित्व इतना विराट है कि उसे शब्दों में समेटना कठिन है उनके व्यक्तित्व का वर्णन करना तो सूरज को दीपक दिखाने के समान है। सावरकर ही वह पहले भारतीय थे जिनको 1905 में विदेशी वस्त्र दहन के कारण पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से निकाल दिया गया और दस रूपये जुर्माना कियाज्इसके विरोध में हड़ताल हुईज्स्वयं तिलक जी ने 'केसरी' पत्र में सावरकर के पक्ष में सम्पादकीय लिखाज्! वीर सावरकर पहले राजनैतिक बंदी थे जिन्होंने काला पानी की सज़ा के समय 10 साल से भी अधिक समय तक आज़ादी के लिए कोल्हू चलाकर 30 पोंड तेल प्रतिदिन निकालाज्! वीर सावरकर काला पानी की काल कोठरी की दीवारों पर कंकर कोयले से कवितायें लिखीं और 6000 पंक्तियाँ याद रखी..! सावरकर वह पहले क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त स्वातंर्त्य वीर थे जिनके मरणोपरांत 26 फरवरी 2003 को उसी संसद में मूर्ति लगी जिसमे कभी उनके निधन पर शोक प्रस्ताव भी रोका गया थाज् वीर सावरकर ऐसे पहले राष्ट्रवादी विचारक थे जिनके चित्र को संसद भवन में लगाने से रोकने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा लेकिन राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम ने सुझाव पत्र नकार दिया और वीर सावरकर के चित्र अनावरण राष्ट्रपति ने अपने कर-कमलों से कियाज् सावरकर पहले ऐसे राष्ट्रभक्त हुए जिनके शिलालेख को अंडमान द्वीप की सेल्युलर जेल के कीर्ति स्तम्भ से यूपीए सरकार के मंत्री मणिशंकर अय्यर ने हटवा दिया था। 1970 में भारत सरकार द्वारा सावरकर की स्मृति में डाक टिकट जारी किया तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से 11000 रुपए सावरकर ट्रस्ट में दान कर दिए । 20 मई 1980 को पंडित बाखले सचिव स्वातंर्त्य वीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के नाम संबोधित पत्र में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लिखा है÷मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। सावरकर के बारे में बोलते हुये पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था। ÷सावरकर माने तेज, सावरकर माने त्याग,सावरकर माने तप, सावरकर माने तत्व, सावरकर माने तर्क, सावरकर माने तारुण्य, सावरकर माने तीर, सावरकर माने तलवार, सावरकार माने तिलमिलाहट...सागरा प्राण तड़मड़ला... तड़मड़ाती हुई आत्मा सावरकर माने तितीक्षा, सावरकर माने तीखापन, सावरकर माने तिखट।। आज कुछ लोग कहते हैं मे सावरकर नहीं हूं ,सच में कोई दूसरा सावरकर ही भी नहीं सकता। मां भारती की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व होम कर देने वाले इस महापुरुष के साथ अंग्रेजों ने तो अत्याचार किए ही स्वतंत्रता के पश्चात भी उन्हें वह मान सम्मान न मिल सका जिसके वह हकदार थे। आने वाले समय में उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करना सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

***– लेखक भाजपा से संबध्द हैं***

### 3 जून को होनी वाली पचमढ़ी कैबिनेट बैठक की तैयारी शुरू

# कलेक्टर ने अफसरों को सौंपे दायित्व प्रतीक राव नोडल ऑफिसर नियुक्त

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम. मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले के समस्त जिला ब्लॉक एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ 3 जून को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक की तैयारी के संबंध में की जा रही तैयारी की समीक्षा कर अधिकारियों को दायित्व सौंपे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में मंत्रिमंडल की कैबिनेट बैठक प्रस्तावित है जिसमें 2 जून से ही मंत्रीगणों एवं अन्य अधिकारियों का आवागमन होना शुरू हो जाएगा। उन्होंने पूरे कार्यक्रम के संचालन के लिए सीईओ जिला पंचायत टी प्रतीक राव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान संपूर्ण पचमढ़ी क्षेत्र में ट्रैफिक एवं पार्किंग की सुचारू व्यवस्था किए जाने के लिए निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंत्री एवं अन्य अधिकारियों के लिए उनके आवास के अनुसार पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएं। उन्होंने ई पीआईयू को निर्देशित किया कि अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया के साथ समन्वय स्थापित कर कैबिनेट बैठक में उपस्थित होने वाले मंत्रीगणों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने मंत्रीगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के भ्रमण आदि के दौरान पर्याप्त मात्रा में जिप्सी वाहन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसई विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि विद्युत व्यवस्था के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं। पावर कट आदि की समस्या होने पर पर्याप्त मात्रा में मंत्रीगण एवं अधिकारियों के आवास तथा बैठक स्थल पर जनरेटर की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने सीईओ साडा को निर्देश दिए कि पर्यटन स्थलों पर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को एमपीटी के साथ समन्वय स्थापित कर भोजन आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पिपरिया को निर्देश दिए की 3 जून को बैठक स्थल आदि जगहों पर फायर ब्रिगेड, काऊ कैचर आदि संसाधनों की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कैबिनेट बैठक स्थल पर पर्याप्त एवं तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लायजनिंग ऑफिसर्स के रूप में जिला अधिकारियों को नियुक्त करते हुए निर्देशित किया कि संबंधित मंत्रीगणों के आगमन के पूर्व ही आवास आदि व्यवस्था की पूर्व नियोजित रूप से सुनिश्चित कर ले।




बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ टी प्रतिक राव, अपर कलेक्टर डीके सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीईओ जिला पंचायत टी प्रतीक राव द्वारा की गई जल गंगा अभियान की समीक्षा

## लापरवाह उपयंत्री, सचिव व रोजगार सहायकों नोटिस जारी करने के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री टी प्रतीक राव द्वारा मंगलवार 27 मई को जनपद पंचायत केसला एवं सिवनी मालवा में ग्राम पंचायतो की जल गंगा संवर्धन योजना से संबंधित समीक्षा की गई। बैठक में जनपद पंचायत के उपयंत्री, सहायक यंत्री ग्राम पंचायत सरपंच सचिव रोजगार सहायक आदि को जल गंगा संवर्धन योजना में मुख्य रूप से किए जाने वाले कार्यों राज्य स्तर से निर्धारित हो रही ग्रेडिंग जिले की स्थिति एवं जिले की रैंकिंग सुधारने हेतु किये जा सकने वाले कार्यों के विषय में अवगत कराया गया।

सीईओ जिला पंचायत श्री राव द्वारा निर्देश दिए गए की अभियान अंतर्गत खेत तालाब एवं कुप रिचार्ज के कार्य लक्ष्य अनुसार तत्काल स्वीकृत कर प्रारंभ किए जाएं जो कार्य प्रारंभ है उन पर तीन दिवस के अंदर 25त्न तक व्यय सुनिश्चित किया जाए एवं लगातार उक्त कार्यों पर श्रमिकों का नियोजन किया जाए। ऐसी ग्राम पंचायत जिसमें कार्य नहीं लिए गए हैं अथवा कार्य लिए जाने के उपरांत मस्टर जारी नहीं किए गए हैं उन सभी ग्राम पंचायत को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। सीईओ जनपद पंचायत को यह निर्देश भी दिए गए की ऐसे उपयंत्री, सहायक यात्री अतरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लेखा अधिकारी जो अभियान में रुचि नहीं ले रहे हैं उनके निलंबन अथवा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई के प्रस्ताव ज़िलें मे प्रेषित किये जाए। अमृत सरोवर के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए गये की कार्यों को वर्षा पूर्व करवा लिए जाये किसी भी स्थिति मे बारिश सें बंड खराब न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।



बैठक मे जनपद के सीईओ परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं समस्त तकनीकी व प्रशासकीय अमला उपस्थित रहा।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टायर एवं हव चुराकर ले गए चोर

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा खाद लोड़ करने आए मेन सड़क के किनारे खड़े 14 चक्के के ट्रक को अज्ञात चोरो के द्वारा ट्रक ड्राईवर को बेहोश कर ट्रक के पीछे के दो टायर एवं टायरो को घुमाने बाला हव खोलकर ले गए। इसके अलावा ड्राइवर के जेव से फर्स भी निकालकर ले गए। ज्ञात हो कि ट्रक क्रमाक एमपी 20 एचबी 6418 सोमवार एवं मंगलवार की दरम्यानी रात लगभग साढे 12 बजे खाद लेने तेन्दूखेड़ा आया था जिसे आज सुबह खादय लोड़ करके हटा ले जाना था लेकिन ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को एक्सीलेंस स्कूल के पास रात में खड़ा करके ट्रक में ही सो गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरो ने ट्रक में जेक लागकर दोनो टायर एवं हव खोलकर ले गए। ट्रक ड्राइवर राहुल अठ्ठाया ने बताया कि ट्रक को खड़ा करने के बाद लगभग रात 1 बजे तक में जगता रहा लेकिन उसके बाद मेरी नींद लग गई। जब सुबह पल्लेदारो ने आकर मुझे जगाया तो देखा कि ट्रक के





अंदर सभी कागजात बिखरे पड़े थे मेरे जेब से भी फर्स गायब था और ट्रक के पीछे के दोनो टायर एवं हब निकाल कर ले गए थे साथ ही ट्रक को सीमेन्ट के गिटटे पर खड़ा करके चले गए। लगभग 90 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। मुझे भी अज्ञात चोरो के द्वारा किसी स्प्रे से बेहोश कर दिया था। जिस कारण मेरी नींद नहीं खुली थी। मेंने तेंदूखेड़ा थाने में इसकी रिपोर्ट की है जिसके एवज में पुलिस बालो ने सिर्फ आवेदन लिया है।

### 'माँ तुझे प्रणाम' योजना के अंतर्गत आज 58 युवाओ का दल भ्रमण के लिए होगा रवाना

**नर्मदापुरम.** शासन के निर्देशानुसार 'माँ तुझे प्रणाम' योजना के तहत, जिले के चयनित युवाओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

तत्संबंध में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि युवाओं को मई 2025 के अंतिम सप्ताह से जून 2025 के प्रथम सप्ताह तक की अवधि में भ्रमण कराया जाएगा। नर्मदापुरम संभाग के हरदा, बैतूल, रायसेन और नर्मदापुरम जिले से लगभग 58 युवा 28 मई 2025 को दल के साथ रवाना होंगे।

### मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कांफ्रेंस में सभी कलेक्टर को दिए निर्देश

## 5 जून से एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ होगा 21 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभाग के संभाग आयुक्त एवं सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि आगामी 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टर को समग्र एवं ई केवाईसी से संबंधित कार्य आगामी 30 जून तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी की कार्रवाई पूरी होने से अपात्रों के खातों में शासकीय धन जाने से रूकेगा। मुख्य सचिव श्री जैन ने सभी कलेक्टर को अपने-अपने जिलों में ई ऑफिस सिस्टम सभी कार्यालयों में लागू करने के निर्देश दिए और कहां की सभी शासकीय कार्य ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से किए जाएं। सभी कलेक्टर्स मैन्युअल फाइल लेना बंद करें। उन्होंने कहा कि 30 जून से ई ऑफिस सिस्टम तहसील एवं विकासखंड स्तर पर भी लागू हो जाएगा। मुख्य सचिव श्री जैन ने सभी कलेक्टर्स को शासकीय कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए विभागीय परामर्श दात्री समिति की बैठक नियमित रूप से हर तीन माह में आयोजित करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने बारिश शुरू होने से पूर्व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में नाली नालों की साफ सफाई करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने बैठक में कहां की आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान के तहत सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिले में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृहद स्तर पर पौधारोपण कराना सुनिश्चित करें।




## धूमधाम से मनी शनि जयंती

**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा में न्याय के देवता श्री शनि महाराज की जयंती को बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को शनि जयंती और अमावस्या का विशेष सहयोग बनने के कारण पूरे देश भर में शनि जयंती को उनके भक्तों द्वारा मनाया गया। इसी के चलते नगर के-वार्ड नं. 1 संकट मोचन हनुमान मंदिर फाईल मोहल्ला, बानापुरा में श्री शनि जन्मोत्सव पर श्री शनि स्त्रोत चालीसा पाठ, 51 किलो तेल से शनि तेलाभिषेक शांति हवन, श्रृंगार पूजा, सुन्दरकाण्ड, महाआरती एवं भण्डारा प्रसादी का कार्यक्रम किया गया। तो वही दूसरी ओर दुर्गा कॉलोनी दूधियावड़ रोड स्थित नवग्रह शानी मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का आना-जाना लगा रहा जहां पर न्याय के देवता शनि महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया सुबह महा आरती के बाद हवन भंडारा प्रसादी का आयोजन भी हुआ वहीं नव ग्रह के स्वामी का सिंगार और पूजा पाठ का भी आयोजन हुआ। इधर पेट्रोल पंप के पीछे वाले शनि महाराज के मंदिर में भी भक्तों की भीड़ सुबह से ही देखी गई।



## श्री शनिदेव शक्ति धाम का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**गंजबासौदा।** श्री शनिदेव शक्ति धाम के संस्थापक दीपक तिवारी ने बताया कि शनि जयंती के पावन अवसर पर वर्ष 2006 में भगवान शनि देव जी की स्थापना की गई थी। तभी से हर वर्ष शनि जयंती पर शनिचरी अमावस्या पर प्रत्येक शनिवार को आयोजन किए जाते हैं श्री शनिदेव शक्ति धाम का इस वर्ष 19 वां स्थापना दिवस मनाया गया। श्री शनि जयंती के पावन अवसर पर श्री शनिदेव शक्ति धाम वर्रीघाट रोड पर भगवान श्री शनिदेव जी एवं परिसर में विराजमान सभी देवताओं का पूजन-अर्चन अभिषेक किया गया। श्री शनिदेव जी के मंत्रो का जाप आयोजन क्षेत्र में अमन शांति,सुख समृद्धि और भक्तों की मनोकामना के लिए किया गया सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा। पूजन अभिषेक के बाद प्रसाद वितरण का किया गया।



## शौच कर वापस लौट रही महिला की ईको कार की टक्कर से मौत

**तेंदूखेड़ा!** सोमवार की शाम 8 बजे तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौंकी अंतर्गत आने वाले अर्थखेड़ा गांव में एक महिला की ईको कार की टक्कर में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार फुलरानी पति गंगाराम विश्वकर्मा उम्र 70 निवासी अर्थखेड़ा थाना इमलिया चौंकी निवासी हैं पुलिस से मिली जानकारी अनुसार महिला शौच करने के लिए गई थी जहां से वापस लौट समय इको कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए महिला को पीछे से टक्कर मार दी हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी घटना की सूचना मिलते ही इमलिया चौंकी प्रभारी पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर मंगलवार की सुबह महिला का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया इमलिया चौंकी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है ईको कार को जब्त कर लिया गया है



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों का उन्नयन एवं श्रमदान किया गया

**नर्मदापुरम।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जिले में विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण, उन्नयन एवं पुनरुद्धार कर आगामी पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत जिले की प्रमुख जल संरचनाएं जैसे कुएं, नदियाँ, बावड़ियाँ, तालाब और नहरें शामिल हैं, जिनका व्यापक रूप से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड सोहागपुर में भी अभियान के सशक्त क्रियान्वयन की दिशा में तालाबों के गहरीकरण एवं नर्मदा घाट पर जल संरक्षण संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान सी.ई.ओ. जनपद पंचायत सोहागपुर, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता से सामूहिक श्रमदान कर जल संरचनाओं की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया।



## विश्व हिन्दू परिषद ने शुरू किया निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श केंद्र

**गंजबासौदा।** सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पुराना धर्मकांटा बरेठ रोड पर विश्व हिन्दू परिषद मंदिर अर्चक पुरोहित आयाम के तत्वावधान में निन्शुल्क स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप प्रांत सह मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख पंडित मुन्ना लाल शास्त्री ने कहा कि प्राचीन समय में मंदिर सेवा और संस्कारों का केंद्र हुआ करते थे मंदिरों में वेधशाला, पाठशाला, गौशाला आदि हुआ करते थे। कालान्तर में यह सब बहुत कम स्थानों पर ही बचे हैं इसलिए विहिप का प्रयास है कि हर मंदिर सेवा के केंद्र बनें इस हेतु से इस मंदिर में निन्शुल्क परीक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है यह केंद्र प्रत्येक सप्ताह मंगलवार से शुक्रवार तक प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक चलेगा जिसका लाभ कोई भी व्यक्ति ले सकेगा। सेवानिवृत्त मेडिकल आफिसर डॉ एसएस भार्गव ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस मंदिर प्रांगण में चिकित्सा सेवा करने का अवसर मिला है मैं नर सेवा नारायण सेवा के भाव से स्वास्थ्य उपचार करने का प्रयास करूंगा।



**मेट्रो एंकर** बेमौसम बारिश में खुली नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल

# नौतपा के तीसरे दिन हुई जमकर बारिश ,सड़कों पर बहा नालियों का गंदा पानी

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

नौतपा की रविवार से शुरुआत हो गई। अनुमान था कि अगले 9 दिन तक सूरज उग्र रूप में रहेगा, जिससे धरती खूब तपेगी। लेकिन शुरुआत से ही नौतपा ठंडा रहे नौतपा के तीसरे दिन मंगलवार के दिन ही तो जमकर बरसे बादल फिर हुई बारिश वैसे सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा। घने काले बादल छाए रहे जो दोपहर 3¬30 बजे से लगभग 30 मिनट तक जमकर बरसे, फिर थम गए। भीषण गर्मी के लिए पहचाने जाने वाले नौतपा में आषाढ़ सा हाल है। बंगाल की खाड़ी से नमी आई तो करीब आधा घंटे तेज बारिश हुई तो सड़कें लबालब हो गई। इस तरह नौतपा में सूरज की तपन व लू की बजाय सड़कों पर नालियों की गंदगी एवं बदबू से लोग हैरान परेशान रहे आने वाले दिनों में भी नगर में तेज हवा व बारिश का अनुमान बताया है। ज्ञात होगी मंगलवार को नगर का साप्ताहिक बाजार रहता है जिसके कारण नगर एवं क्षेत्र के ग्रामीण ज्ञान काफी संख्या में नगर में पहुंचते हैं बारिश की वजह से लगभग 1 घंटे नगर की सड़के खाली रहे पानी रुकने के बाद ही लोगों ने अपना बाजार से सामान खरीदा बार बार मौसम में बदलाव व बादल छाने से इस बार जहां अप्रेल व गई माह पिछले वर्षों की तुलना में कम गर्म रहे तो नौतपा से तेज गर्मी की उम्मीद थी। लेकिन देश में समय से पहले मानसून आ जाने से नगर में श्री मानसून गतिविधि शुरू हो गई हैं। नौतपा के तीसरे दिन सुबह से धूप रही, दोपहर में अचानक घने बादल छा गए और फिर करीब आधा घंटे तेज बारिश हुई। नाले चौक रहने से सड़क पर गंदा पानी बहा वैसे 20 जून को मानसून जाना निर्धारित माना जाता है, लेकिन इस बार समय से पहले मानसून आने की संभावना है।नौतपा में इस बार गर्मी न पड़ने और तेज बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है, किसानों का मानना है इससे फसलो में बीमारियां बढ़ेगी।सुबह से धूप रहने से तापमान तो बढ़ा लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री कम रहा, बारिश के बाद धूप निकलने से उमस बढ़ गई वहीं लोगों का कहना है बेमौसम बारिश ने नगर परिषद की साफ सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है क्योंकि अभी बारिश का दौरा शुरू भी नहीं हुआ है और नगर की नालियों में जमी गंदगी निकलकर बाहर आने लगी है जिससे प्रतीत होता है नगर में सफाई व्यवस्था किस तरह चल रही है।



## शनिदेव के दरबार में भक्तों का लगा तांता, विधि विधान से हुई पूजा



**सिरोंज।** मंगलवार को शनि जयंती पर भगवान शनि देव के दरबार में हाजरी लगाने और उनकी प्रकोप से बचने के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही कलयुग में शनि देव जी जिन पर कृपा होती है उन्होंने कोई क्षति नहीं पहुंचा पाता ऐसी मानता है। शनि मंदिर पर बड़ी भक्ति भाव से शनि जयंती उत्सव मनाया गया भगवान शनि देव जी का विशेष सिंगार किया गया और पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया जयंती पर मंदिर में विशेष पूजा, अभिषेक व हवन का आयोजन हुआ द्य साथ ही द्य गणेश- गौरी पूजन के बाद वरुण पूजन, नवग्रह पूजन, सोडष मात्रिका का पूजन किया गया द्य भगवान शनिदेव का सरसों के तेल से अभिषेक किया गया।

## मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करने ऐप मोबाइल में इंस्टॉल करें

**सिरोंज।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में आम नागरिकों की सहूलियत व मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए पांच मोबाइल ऐप सचेत, दामिनी- बिजली चेतावनी, मौसम, डीडब्ल्यूआरएस और मेघदूत को इंस्टॉल करने की सलाह दी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विदिशा द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा आम नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से तैयार किए गए सचेत एप के माध्यम से मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी प्रकार दामिनीरू बिजली चेतावनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा मेघदूत एप किसानो की सुविधा के लिए तैयार किया गया है जिसका इस्तेमाल कर किसान बंधु बर्षा ऋतु में कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वही मौसम संबंधी अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए मौसम और डीडब्ल्यूआरएस एप भी प्ले स्टोर के माध्यम से आम नागरिक अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर सकते हैं।

## सर्पदंश से महिला की इलाज के दौरान मौत

**तेंदूखेड़ा!** सोमवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दिनारी के कलुआ ग्राम में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार दसोदा पति सुल्तान सिंह लोधी उम्र 55 वर्ष को घर में काम करते वक्त रात में जहरीले सांप ने डंस लिया जिसके कारण महिला की हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजन महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई डॉक्टरों द्वारा चेकअप कर महिला को मृत घोषित कर दिया पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

### बाढ़ राहत कार्यों की बैठक संपन्न, आपदा पूर्व तैयारियों के संबंध में दिए निर्देश

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए अभी से ही तैयार हो जाएं : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज बाढ़ पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई थी। बाढ़ एवं राहत कार्यों के संबंध में किए जाने वाले प्रबंधो हेतु तैयारियों संबंधी बैठक में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए अभी से ही सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने विशेष कर बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं कि जिन क्षेत्रों में वर्षा ऋतु के दौरान खतरा निर्मित होने की संभावना है उन जगहों का पहले से ही चिन्हांकन कर सुरक्षा के इंतजाम कर लिए जाएं। निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी सड़कें व कुल पुलिया डूब क्षेत्र में आती हैं उनका चिन्हांकन कर सुरक्षा की दृष्टि से प्रबंध सुनिश्चित करें, इसके अलावा सभी तहसीलों में स्थापित वर्षा मापी यंत्रों की जानकारी की प्रतिदिन एंट्री करें व इसकी जानकारी जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में जिले के बांध एवं भराव क्षमता की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि उन स्थानों का चिन्ह्यांकन करें जहां नदी किनारे आम नागरिक निवास कर रहे हैं और उन्हें बाढ़ की स्थिति निर्मित होने के पहले विस्थापित करें। उनके ठहरने के इंतजाम, भोजन-पानी सहित बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी उन्होंने दिशा निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बाढ़ बचाव की पूर्व तैयारियों तथा पूर्व प्रबंधो में सुधार, सुझाव पर आधारित कार्यों के क्रियान्वयन को त्वरित संपादन कराने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में बाढ़ आपदा से निपटने पहले से ही अलर्ट हो जाएं, नगर पालिका क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र का चिन्हांकन कर लें जिन क्षेत्रों में पूर्व में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी वहां के वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां बाढ़ से निपटने के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने नगरपालिकाओं के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अभी से ही नगरीय क्षेत्र के वार्डों में नालों और नालियों की साफ सफाई कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि पानी निकासी होने में समस्या उत्पन्न ना हो और बाढ़ जैसे हालात ना बनें।

कलेक्टर ने कहा कि नदी के घाटों पर संकेतक बोर्ड लगवाए जाएं। इसके अलावा उन्होंने जिले में जिन भी क्षेत्रों में खदानें खोदी गई हैं या बड़े-बड़े गड्ढे हैं, उन गड्ढे में गिरने से किसी भी प्रकार की कोई जनहानि ना होने पाए। इसका विशेष ध्यान रखें। इन स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से संकेतक बोर्ड लगवाया जाना सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### बाढ़ नियंत्रण कक्ष कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर

वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ एवं राहत बचाव कार्यों के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नं. 07592-237880 तथा मो. नं. 7400507766 पर संपर्क किया जा सकेगा। इसी प्रकार जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, विदिशा का दूरभाष नं. 07592-232872 है।

### जर्जर भवनों को चिन्हांकित कर नोटिस जारी करें

कलेक्टर ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में विशेष कर जिले में स्थित जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर भवन मालिकों को नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जो भवन जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं। उन्हें नोटिस दें या स्वयं अपने स्तर पर ध्वस्त करने के कार्यों का संपादन करें, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। इसके अलावा उन्होंने शासकीय भवन जो जर्जर हालत में है विशेष कर स्कूल, आंगनबाड़ी या पशुपालन विभाग के भवन उन्हें यथाशीघ्र शिफ्ट कर लिया जाए। विशेष ध्यान रखें कि किसी भी प्रकार की कोई जनहानि या पशुहानि ना होने पाए।

### इन बिन्दुओं पर हुई चर्चा

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला आपदा मौसम कैलेंडर, जिले में बाढ़ के मुख्य कारण, बांध, नदियों, तालाब की जानकारियां, जिले के बांध एवं उनकी भराव क्षमता, बांधों से प्रभावित होने वाले ग्रामीण क्षेत्र, बाढ़ से प्रभावित होने वाले जिले के नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्ड, जीर्ण शीर्ण भवनों का चिन्हांकन, पुल-पुलियों की सूची तथा उनके मजबूतीकरण की स्थिति, बाढ़ राहत सामग्री, नवीन आपदा मित्रों को तैयार करना सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित विभागों को इन बिंदुओं के आधार पर पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटोलिया, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन सहित होमगार्ड और विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे तथा खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे। इस दौरान खंड स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर चर्चा की गई एवं बाढ़ आपदा पूर्व तैयारियों के संबंध में सुझाव भी लिए गए।

### कहीं भी जनहानि की घटना घटित न हो

कलेक्टर ने सभी एसडीएमों को भी निर्देश दिए हैं कि खंड स्तर पर भी आपदा पूर्व तैयारी कर बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु अभी से ही इंतजाम कर लें। इसके साथ ही उन्होंने विदिशा जिले के पुल-पुलियों, रिपटा इत्यादि से मिट्टी व अनावश्यक मलबे को हटाए जाने के निर्देश भी दिए हैं ताकि वर्षा ऋतु में आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान पुल-पुलियों पर यदि पानी हो तो वाहन चालकों को पुल-पुलियों से आवागमन ना करने दिया जाए खासकर यात्री बसों को पुल-पुलियों पर अत्यधिक पानी होने पर निकलने ना दिया जाए इसके लिए बेरीकेट्स लगाकर पुल-पुलियों की निगरानी की जाए ताकि बाढ़ आपदा में कोई जनहानि की घटना घटित ना हो।

## जनसुनवाई कार्यक्रम में 207 आवेदन प्राप्त हुए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको की समस्याओं का समाधान हो रहा है। मंगलवार 27 मई को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 207 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है।

कलेक्टर के द्वारा मौके पर 55 आवेदनो का निराकरण किया गया है शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए है।

कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है।



आज मंगलवार को आधार सेन्टर में 40 आयुष्मान कार्डो के संदर्भ में स्टॉल के माध्यम से कार्य संपादित किया गया है जिसमें मुख्यतः नाम परिवर्तन, नाम, पता परिवर्तन तथा नवीन आयुष्मान कार्ड जारी करने के कार्य किए गए है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत चिकित्सको के द्वारा 29 नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया है।

आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी, श्रीमती शशि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया समेत विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे और वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया गया है।

## सुपर एवं हैप्पी सीडर हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी

**सिरोंज।** विदिशा कृषि अभियांत्रिकी के द्वारा जिले के किसानो को सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर के लिए ऑन लाइन प्रक्रिया जारी है। विभाग के सहायक यंत्री ने बताया कि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के विभागीय पोर्टल ई-कृषि यंत्र अनुदान के अंतर्गत ट्रेक्टर चलित पचास एचपी से अधिक के लिए यंत्र सुपर सीडर, हैप्पी सीडर हेतु ऑनलाइन लाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 18 मई से क्रियाशील है। पोर्टल अनुसार सुपर सीडर की कीमत लगभग 2.60 से 3.50 लाख तक है जिस पर अनुदान शासन की योजना के अनुसार अधिकतम 1.20 हजार रूपए है जबकि हैप्पी सीडर की कीमत 1.80 से लेकर दो लाख रूपए तक है जिस पर अनुदान शासन की योजना अंतर्गत अधिकतम 86 हजार रू. है।

### एसडीएम ने खाद विक्रेताओं की बैठक लेकर दिए निर्देश

# निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूली गई तो होगी कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

इस बार क्षेत्र में मक्का की बोनी रिकॉर्ड तोड़ होने वाली है जिस हिसाब से किसानों के द्वारा तैयारी की जा रही इसके के चलते अभी से कृषकों के द्वारा डीएपी और यूरिया खाद का स्टॉक किया जा रहा है बोनी के समय खाद्य नहीं मिलने की चिंता इनको सता रही है। इसके चलते खाद की मांग में भी वृद्धि हो गई है उसकी जानकारी लगते ही ओर मांग अधिक होने के साथ की कमी बनी हुई है उसका कई खाद विक्रेताओं के द्वारा फायदा उठाकर अधिक दामों पर खाद बेचने का काम किया जा रहा है।

पहले खाद की बोरी शासन से जारी की गाइडलाइन के अनुसार ही बाजार में मिलाई थी आज उसी के दामों में 50 से लेकर 100 की वृद्धि कर दी गई है इसकी शिकायत भी प्रशासन के पहुंच रही है उसको संज्ञान में लेते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी ने अपने कार्यालय में नगर के सभी खाद्य विक्रेताओं की बैठक लेते हुए कहा कि शासन के द्वारा डीएपी और यूरिया खाद विक्रय के लिए जो मूल्य निर्धारित किया है उस हिसाब पर ही उसका विक्रय किया जाए यदि अधिक पैसे किसी भी किसान से लेने का काम विक्रेता के द्वारा किया गया था हम सीधी कार्रवाई करेंगें साथ ही लाइसेंस भी निरस्त करते हुए प्रकरण भी दर्ज करवाएंगे इसीलिए किसानों के साथ किसी भी तरह की गढ़वाली ना करें ना ही नकली खाद का विक्रय कोई ना करें इस बात का भी विशेष ध्यान रखें शिकायत मिलने पर हम कड़ी कार्रवाई करेंगे विक्रेताओं ने कहा कि हम निर्धारित दर पर ही खाद्य का विक्रय कर रहे हैं और आगे भी करेंगे जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से खाद की मांग किसानों के द्वारा की जा रही है क्योंकि हर बार बोलने के समय खाद की किल्लत होती है इसलिए किसान अभी से इसका स्टॉक बड़े स्तर पर अपने घरों पर कर रहे हैं।

डीएपी तथा यूरिया खाद की पिछले 15 दिनों से लगातार मांग में वृद्धि हो रही है इसकी जानकारी सभी खाद विक्रेताओं को है इसका फायदा भी अधिकांश खाद विक्रेताओं द्वारा उठाना प्रारंभ कर दिया है इस वजह से कुछ दुकानदारों के द्वारा मनमानी दामों पर इसको बेचने का काम किया जा रहा है । वहीं एसडीएम की हिदायत के बाद कितने खाद विक्रेता इस बात को धरातल पर मानेंगे यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा या फिर अपने हिसाब से ही अधिक कीमत वसूलने का काम अन्नदाताओं से करके उनको आर्थिक क्षति पहुंचाने का काम खुलेआम करते रहेंगे वह भी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के क्षेत्र में ही किसानों को डीएपी तथा यूरिया खाद के लिए परेशान होना पड़ा है । उसके लिए भी अधिक राशि इनको चुकानी पढ़ रही है। वहीं लगातार सोयाबीन की खेती में किसानों को नुक्सान हो रहा है मक्का खेती में नुकसान होता नहीं है काम लगता में अच्छी पैदावार होती है इस बार इसके क्षेत्रफल में बंपर बढ़ोतरी देखने मिलेगी ।

### लंबे समय से होती है कालाबाजारी

एकदम से मांग बढ़ने से कीमत में भी वृद्धि देखने को मिल रही है दूसरी ओर पहले भी क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी होने के मामले सामने आ चुके हैं। इस बार भी ऐसी संभावना लग रही है जिसको देखते हुए प्रशासन एक्टिव हो गया है ।यदि शासन से जो रेट निर्धारित किया गया उससे अधिक पैसे कोई लेता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए अलग-अलग टीम में भी क्षेत्र में घूम रही है । कई विक्रेताओं के द्वारा अधिक पैसे लेने के अलावा नकली खाद भी ठिकाने लगा दिया जाता है उसकी रोकथाम के लिए भी प्रशासन के अधिकारियों को धरातल पर कड़ाई से पालन करना होगा नहीं तो किसानों को धोखा देने का कामकाज भी कई विक्रेता कर देते हैं बाद में किसान इनका कुछ नहीं कर पाते हैं । प्रशासन के अधिकारी भी जांच के नाम पर खानापूर्ति करते रहते हैं इस वजह से इनका गोरखधंधा फलता फूलता रहता है किसान के छलावे में फंस जाते हैं।

### इनका कहना है

"सभी खाद्य विक्रेताओं को बैठक लेकिन को बता दिया है कि शासन से जो रेट डीएपी और यूरिया खाद के लिए निर्धारित किया है उससे अधिक न लिए जाएं यदि अधिक लिए तो कार्रवाई करेंगे।"

-**हर्षल चौधरी** एसडीएम

## 83 सेल्समैन को नोटिस जारी व 16 का अप्रैल एवं मई का कमीशन राशि रोकने की कार्यवाही

**सिरोंज।** विदिशा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों को ईकेवायसी कराया जाना आवश्यक है। ततसंबंध में समय-समय पर विभिन्न प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुपालन में कार्यवाही जारी है।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि 30 मई तक विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियो का शत प्रतिशत ईकेवायसी कराया जाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश प्रसारित किए गए है। जिले में ईकेवायसी कार्यो में कोताही बरतने पर संबंधित उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही की गई है। इसी कडी के तहत विदिशा नगर में 16 उचित मूल्य दुकानो के सेल्समैनो के विरूद्ध अप्रैल एवं मई माह की कमीशन राशि रोकने की कार्यवाही की गई है वहीं सिरोंज अनुविभाग क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानो के विक्रेताओं द्वारा 90 प्रतिशत से कम ईकेवायसी कराए जाने के कारण राशि 83 उचित मूल्य दुकानो के विक्रेताओं को सिरोंज एसडीएम के माध्यम से शोकॉज नोटिस जारी किए गए है।

गौरतलब हो कि विदिशा जिले में लगभग 1122781 हितग्राहियों की ईकेवायसी होना है। उक्त कार्य विशेष अभियान के रूप में 30 मई तक संचालित कर क्रियान्वयन किया जा रहा है। विशेष अभियान अंतर्गत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समस्त पात्र हितग्राहियों का समय सीमा में शत प्रतिशत ईकेवायसी पूर्ण कराए जाने पर विशेष बल दिया जा रहा है साथ ही विक्रेताओं को समय-समय पर दुकानवार शेष रहे पात्र हितग्राहियों की सूची भी उपलब्ध कराई जा रही है इसके अलावा मृत, वैवाहिक और पालयन हितग्राहियों के नाम ऑन लाइन पोर्टल से ही विलोपित करने की कार्यवाही समानांतर क्रियान्वित की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** क्षत्रिय दांगी समाज के तत्वाधान में श्री महालक्ष्मी महायज्ञ का हुआ समापन

# पूर्णाहुति के बाद हुआ भंडारा, प्रसादी वितरण में शामिल हुए विधायक शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बाबा विश्वनाथ धाम तीर्थक्षेत्र देवपुर में चल रहे श्री महालक्ष्मी महायज्ञ का मंगलवार को पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज भंडारे के साथ धार्मिक आयोजन का समापन हुआ। यहां पर 121 कुंडिया श्री महालक्ष्मी यज्ञ का आयोजन क्षत्रिय दांगी समाज के द्वारा भक्ति भाव से संपन्न हुआ आमित दिन विधायक उमाकांत शर्मा ने भी शामिल होकर धर्म लाभ लिया। जनमानस के जनकल्याण की कमाना की तथा आयोजित विशाल भंडारे में भी शामिल हुए।



इस अवसर पर सभी समाज बंधुओं को धर्म के क्षेत्र में सनातन परंपरा का पालन करने तथा एकता के भाव के साथ सामाजिक स्तर पर सामूहिक रूप से आयोजन आयोजन करने पर प्रशंसा की क्षत्रिय दांगी समाज द्वारा मेरे बड़े भ्राता पंडित नलिनीकांत शर्मा धर्माचार्य एवं ज्योतिषाचार्य के नेतृत्व में आयोजित 121 कुंडात्मक विशाल श्री महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन कराना हम सबके परिवारों में श्री की वृद्धि करने वाला है इस पवित्र महायज्ञ में मुझे भी सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने यमनाओं के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा की तथा यज्ञाचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा का स्वागत किया। प्रसिद्ध संत श्री श्री 108 महंत श्री पुरुषोत्तम दास जी महाराज का भी स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



श्रीमद् भागवत कथा का भी श्रवण किया। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित मनोहर महाराज श्रीधाम वृंदावन का भी सम्मान किया उपस्थित नागरिक बंधुओं, माताओं बहनों से संवाद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षत्रिय दांगी समाज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।



### आईपीएल फाइनल के लिए खास प्लान हो रहा तैयार

# क्लोजिंग सेरेमनी में अब ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को मिलेगी सलामी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना के पराक्रम को सलामी दी जाएगी। बीसीसीआई ने 3 जून को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले में तीनों सेना प्रमुखों को आमंत्रित किया है। बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने मंगलवार को कहा, हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह समेत सेना के प्रमुख अधिकारियों-सैनिकों को अहमदाबाद में ढ्ढक्क का फाइनल मैच देखने के लिए आमंत्रित किया है। बीसीसीआई देश की आर्म्ड फोर्सेज की वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयास किए जिसने राष्ट्र की रक्षा की और उसे प्रेरित किया।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 6-7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के संघर्ष विराम के अनुरोध पर अपने अभियान को रोकने पर सहमति जताई थी।

### क्लोजिंग सेरेमनी आर्म्ड फोर्सेज को समर्पित

सैकिया ने कहा, सेना की सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को आर्म्ड फोर्सेज को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जबकि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है, लेकिन हमारा देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़ा कुछ भी नहीं है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 6 मई की रात सबसे पहले पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक का वीडियो शेयर किया था, जिसमें ट्रैफिक जाम में फंसे लोगों के सामने धमाका होता दिखा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 6 मई की रात सबसे पहले पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक का वीडियो शेयर किया था, जिसमें ट्रैफिक जाम में फंसे लोगों के सामने धमाका होता दिखा।

### एक हफ्ते के लिए सस्पेंड रहा था आईपीएल

8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। अगले ही दिन बीसीसीआई ने आईपीएल को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया था। फिर सीजफायर के ऐलान के बाद बचे मैचों को री-शेड्यूल किया था। बता दें आईपीएल के बचे मैचों की शुरुआत 17 मई से हुई। नए शेड्यूल के अनुसार, इस सीजन का फाइनल मुकाबला 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना के पराक्रम को सलामी दी जाएगी।

### नए टेस्ट कप्तान पर पुजारा बोले- गिल के पास टैलेंट की कमी नहीं

*चेतेश्वर पुजारा ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था। दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा कि शुभमन गिल के अलावा टीम इंडिया के पास कैप्टन के लिए कोई और ऑप्शन नहीं था। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी। उनके पास अपने को साबित करने का अच्छा मौका है। गिल को रोहित शर्मा की जगह नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। रोहित और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत खेल के सबसे लंबे प्रारूप में नए युग की शुरुआत करेगा। रोहित और कोहली ने इस महीने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। पुजारा ने एक ऑनलाइन बातचीत में शुभमन गिल को कप्तानी सौंपने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि गिल का विदेशी धरती पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं, इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें खराब प्रदर्शन की वजह से कुछ मैचों में प्लेइंग इलेवन में भी जगह नहीं मिली थी। पर, जसप्रीत बुमराह खुद ही कह चुके हैं कि इंग्लैंड में पांचों मैच नहीं खेल पाएंगे। वहीं उनकी फिटनेस एक बड़ी समस्या है। ऐसे में गिल के अलावा भारत के पास कैप्टन के लिए दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है। वह 24 साल के हैं, ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। अभी यह कहना कि टीम मैनेजमेंट का डिसीजन सही है या नहीं, मुश्किल होगा। हालांकि, गिल के पास अच्छा मौका है, उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। पुजारा ने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन मुझे यकीन है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है वह इंग्लैंड में सफल होंगे।*



## मेट्रो बाजार

### एपल ने इलेक्ट्रिक कार प्रोजेक्ट को बंद किया, 2000 इंप्लॉइ प्रभावित

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी टेक कंपनी एपल ने अपने इलेक्ट्रिक कार प्रोजेक्ट को बंद करने का फैसला लिया है। कंपनी पिछले एक दशक से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी, लेकिन अभी तक कोई फिजिकल प्रोटोटाइप भी तैयार नहीं कर पाई थी। एपल के इस फैसले कंपनी के पहले ईवी प्रोजेक्ट टाइटन पर काम करने वाली स्पेशल प्रोजेक्ट ग्रुप के करीब 2000 एंप्लॉई प्रभावित होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर जेफ विलियम्स और प्रोजेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट इंचार्ज केविन लिंच ने मंगलवार को प्रोजेक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों के साथ शेयर किया है। कंपनी के दोनों अधिकारियों ने कर्मचारियों को बताया कि एसपीजी के सभी एंप्लॉईज को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिवीजन में जॉन जियानंद्रिया के अंडर शिफ्ट किया जाएगा। वॉइस कमांड पर चलने वाली कार बनाना चाहती थी कंपनी पूरी तरह से ऑटोमेटिक और वॉइस कमांड पर चलने वाली कार बनाना चाहती थी। 2015 से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में अरबों डॉलर इन्वेस्ट भी कर चुकी थी। अगर यह प्रोजेक्ट सफल हो जाता तो कंपनी 2028 तक एक लाख डॉलर (करीब 82.90 लाख रुपए) की कीमत में कार को लॉन्च कर सकती थी। एपल पहली ईवी के लॉन्चिंग डेट को 2019, 2020, 2026 और 2028 के लिए रीशेड्यूल कर चुकी थी। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के बोर्ड इस बात को लेकर सीईओ टिम कुक पर प्रोजेक्ट पर जल्द कोई ठोस प्लान तैयार करने या प्रोजेक्ट को बंद करने का दबाव भी बना रहे थे। अमेरिकी टेक कंपनी एपल अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार 2028 में लॉन्च करेगी। इससे पहले कंपनी 2026 में फुली ऑटोमोटिव ड्राइव ऑप्शन के साथ बिना स्टीयरिंग व्हील वाली ईवी मार्केट में उतारने वाली थी।

### बीसीएनएल को 18 साल में केवल दूसरी बार प्रॉफिट

भारत सरकार की कंपनी बीसीएनएल को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (नेट प्रॉफिट) हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 849 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। यूनियन टेलिकॉम मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2007 के बाद यानी 18 साल में यह लगातार दूसरी बार है, जब कंपनी को किसी तिमाही में प्रॉफिट हुआ है। इससे पहले पिछली तिमाही यानी वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी को 262 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। क्चस्हरु ने आज मंगलवार (27 मई) को जनवरी-मार्च तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में बीसीएनएल का नेट लॉस घटकर 2,247 करोड़ रह गया। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 5,370 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का ऑपरेशन से रेवेन्यू 7.8 फीसदी बढ़कर 20,841 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का रेवेन्यू 19,330 करोड़ रुपए रहा था।

### नॉर्वे चेस टूर्नामेंट : कार्लसन का मुकाबला हिकारू से

## पहला राउंड : कार्लसन ने गुकेश को हराया, दूसरे राउंड में अर्जुन से भिड़ेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मौजूदा वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने मैच के अंतिम समय में हराया और पूरे तीन अंक हासिल किए। 18 साल के गुकेश ने चार घंटे से ज्यादा देर तक चले क्लासिकल गेम में ज्यादातर समय 34 साल के कार्लसन पर दबाव बनाए रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक हासिल किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और वर्ल्ड के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। नाकामुरा ने हमवतन फैबियानो कारूआना को हराया। दूसरे राउंड में गुकेश का सामना हमवतन अर्जुन एरिगैसी से होगा। वहीं, कार्लसन का मुकाबला हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी को हराया।




बता दें गुकेश डी का पूरा नाम डोम्माराजू गुकेश है। वह चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी। नागैया इंटरनेशनल चेस खिला?ी रहे हैं और चेन्नई में चेस के होम ट्यूटर हैं। इसके बाद विश्वनाथन आनंद ने गुकेश को खेल की जानकारी देने के साथ कोचिंग दी। गुकेश के पिता डॉक्टर हैं और मां पेशे से माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं।

**गुकेश मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन :** गुकेश ने दिसंबर में सिंगापुर में खेले गए वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराकर खिताब जीता था। 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता था। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए।

**गुकेश ने चेस ओलिंपियाड भी जिताया था :** 10 से 23 सितंबर तक पिछले साल बुडापेस्ट में चेस ओलिंपियाड का आयोजन हुआ था। भारत ओपन और विमेंस दोनों कैटेगरी में चैंपियन बना था। ओपन कैटेगरी में गुकेश ने ही फाइनल गेम जीतकर भारत को जीत दिलाई थी।

### वर्ल्ड नंबर-1 सिनर का विजयी आगाज

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन में विजयी आगाज किया। इटली के सिनर ने मंगलवार को मेंस सिंगल्स के पहले राउंड में फ्रांस के ऑर्थर रिंडरक्नेच को सीधे सेटों में हराया। उन्होंने यह मुकाबला 6-4, 6-3, 7-5 से जीता। मौजूदा चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने इटली के क्वालिफायर ज्यूलियो जेपिएरी को 5-3, 6-4, 6-2 से हराया। वहीं, नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्पेन के भल्बर्टो रामोस विनोल्स को 6-3, 6-4, 6-2 से पराजित किया। वहीं पोलैंड की इगा स्वियातेक ने विमेंस सिंगल्स कैटेगरी में स्लोवाकिया की स्त्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। लगातार तीन बार से फ्रेंच ओपन जीतती आ रहीं इगा स्वियातेक अगर इस बार भी यहां खिताब जीतती हैं तो वह 1968 में शुरू हुए ओपन एरा के बाद ऐसा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी होंगी। इगा फ्रेंच ओपन में पिछले 22 मैचों से अपराजेय हैं। स्वियातेक ने सीजन में अभी तक एक भी खिताब नहीं जीता है। वह अगले दौर में पूर्व स्र ओपन चैंपियन इंग्लैंड की एमा रादुकानू से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहले दौर में चीन की वांग जिनयू को तीन सेटों के संघर्ष में 7-5, 4-6, 6-3 से पराजित किया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## बेटी के जन्म के बाद शाहिद डर गए थे, बोले- जिंदगी के अगले 30 साल सामने आ गए थे

शाहिद कपूर ने दस साल पहले शादी की। उसके एक साल बाद ही मीरा ने बेटी मीशा को जन्म दिया। शाहिद ने हाल ही में एक खुलासा किया है कि मीशा के जन्म के समय वे बहुत डर गए थे। उन्होंने मीरा के पिता को फोन करके माफी भी मांगी थी। शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा- मैं बहुत खुश हुआ कि लड़की हुई है, लेकिन उसी वक्त मैं डर भी गया। मैंने सबसे पहला काम ये किया कि मीरा के पापा को कॉल किया और कहा कि पापा अगर मैंने शादी के दौरान आपको जरा भी परेशान किया हो, या अगर मेरी किसी बात से आप परेशान हो गए हों, तो मैं माफी मांगता हूं। अब मुझे इतना समझ आ गया है कि मेरी भी एक बेटी है, उसकी भी एक दिन किसी ल?के से शादी होगी। सच कहूं तो उस पल मेरी आंखों के सामने जिंदगी के अगले 30 साल नजर आने लगे थे। बेटी का होना वाकई अद्भुत एक्सपीरिएंस है। यह बहुत खास एहसास है। मैं और मीरा दोनों एक बेटी चाहते थे। पहले मैं थोड़ा 'भौ-भौ' करता था, लेकिन अब मैं पूरी तरह से पालतू बन गया हूं।

### शाहिद कपूर जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ दिखेंगे

शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन थीं। फिल्म की राइटिंग और डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना शाह की जोड़ी ने मिलकर की। रोबोट-साइंटिस्ट के बीच प्यार पर आधारित इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला। शाहिद ने राज और डीके की क्राइम थ्रिलर सीरीज फर्जी के साथ डिजिटल स्पेस में कदम रखा, जो सबसे सफल वेब सीरीज में से एक बन गई थी। एक्टर जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ देवा फिल्म में नजर आई। शाहिद की मां नीलिमा अजीम एक बेहतरीन डांसर थीं। काम के सिलसिले में उन्हें जब भी शहर या देश से बाहर जाना होता था तो वो शाहिद को भी अपने साथ ले जाती थीं। वो जब भी स्टेज पर परफॉर्म करती थीं, तो शाहिद उन्हें दूर से देखकर तालियां बजाते थे। एक बार नीलिमा, 6 साल के शाहिद को अपने साथ बेल्जियम ले गई थीं। डांस परफॉर्मेंस खत्म होते ही एक फ्रेंच आदमी नीलिमा के पास आया और उनसे कॉफी कुछ पूछने लगा। जैसे ही शाहिद ने यह देखा तो वो तुरंत उनके पास पहुंच गए। उन्होंने उस आदमी से गुस्से में कहा, इनसे (नीलिमा) से बात करने से पहले आपको मुझसे डील करना पड़ेगा। नन्हें से शाहिद का गुस्सा देखकर नीलिमा हंस पड़ी थीं।



## 'हेरा फेरी 3' विवाद पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी, बोले- यह बेहद गंभीर मुद्दा है...



फिल्म हेरा फेरी 3 में काम करने से परेश रावल ने इनकार कर दिया है। इसके बाद से ही यह मामला विवादों में घिरा हुआ है। अब अक्षय कुमार ने इस पर पहली बार रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है और जो भी फैसला होगा, वह कोर्ट के माध्यम से ही होगा। अक्षय कुमार हाल ही में 'हाउसफुल 5' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान जब उनसे परेश रावल के हेरा फेरी 3 छोड़ने को लेकर सवाल किया गया, तो एक्टर ने जवाब में कहा, 'पहले तो उनके बारे में कुछ भी गलत कहना बंद करिए। मैं पिछले 30-32 सालों से उनके साथ काम करता आ रहा हूं। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं। वह एक शानदार एक्टर हैं और मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। मुझे नहीं लगता कि यह वह जगह है जहां इस मुद्दे पर बात की जाए। यह एक गंभीर मामला है और जो कुछ भी होना है, वह कोर्ट में तय होगा। इसलिए मैं यहां इस पर कुछ भी कहने के पक्ष में नहीं हूं।'

**परेश रावल ने भी दिया था रिएक्शन :** परेश रावल ने हाल ही में हेरा फेरी 3 छोड़ने पर मिले लीगल नोटिस को लेकर चुप्पी तोड़ी थी। उन्होंने बताया कि उनके वकील अमीत नाइक ने कानूनी जवाब भेज दिया है। परेश ने कहा कि जवाब पढ़ने के बाद मामला शांत हो जाएगा। परेश रावल के वकीलों आनंद एंड नाइक ने आईएएनएस को बताया था कि परेश रावल को न तो फिल्म की कहानी दी गई, न ही स्क्रीनप्ले और न ही कोई एग्रीमेंट का ड्राफ्ट, जो कि इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के लिए जरूरी था। इसके अलावा ओरिजिनल फिल्म के प्रोड्यूसर नाडियाडवाला ने उनके क्लाइंट (परेश रावल) को नोटिस भेजकर फिल्म बनाने पर आपत्ति जताई, इसलिए उनके क्लाइंट ने प्रोजेक्ट छोड़ दिया और ब्याज सहित पैसे वापस कर दिए। उन्होंने टर्म शीट (शुरुआती समझौता) को भी खत्म कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया, परेश रावल ने टर्म शीट पढ़े बिना ही साइन कर दिया। इसमें लिखा था कि उन्हें पूरी फीस का 99न्न फिल्म रिलीज के बाद ही मिलेगा। आम तौर पर फिल्मों में एक्टर्स को उनकी फीस शूटिंग के अलग-अलग हिस्सों में मिलती है।जैसे प्रोडक्शन से पहले, प्रोडक्शन के दौरान और फिल्म रिलीज के बाद। लेकिन इस टर्म शीट में रावल को साइन करते वक्त बहुत कम पैसा मिलता था और बाकी का बड़ा हिस्सा फिल्म रिलीज के बाद दिया जाना था। इन्हीं शर्तों के चलते परेश ने फिल्म छोड़ने का फैसला भी किया।

## सलमान ने अंकिता को दी थी बच्चा करने की सलाह...



***अंकिता ने बताया है कि सलमान ने उन्हें रिश्ता बचाने के लिए सलाह दी थी. सर ने मेरे को सलाह दी थी जब मैं उनसे मिलने गई थी...***



*बिग बॉस के एक सीजन में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन साथ में गए थे. अंकिता और विक्की शो में अक्सर लड़ते हुए नजर आते थे. इनकी इतनी लड़ाई होती थी कि लोगों को लगने लगा था कि शो से बाहर आते ही इनका रिश्ता टूट जाएगा. अंकिता ने हाल ही में खुलासा किया है कि उनकी शादी बचाने के लिए सलमान खान ने भी उन्हें एक सलाह दी थी. अंकिता हाल ही में भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया के व्लॉग का हिस्सा बनी थीं. जिसमें उन्होंने बताया कि सलमान खान ने बिग बॉस 17 के ग्रैंड फिनाले के बाद उन्हें क्या कहा था. अंकिता और विक्की को शो में ही सलमान खान वीकेंड के वार पर समझाते नजर आते थे. कई बार वो विक्की को झटकरा लगाते थे तो अंकिता ने भी भाईजान से डांट खाई है. अंकिता ने बताया है कि सलमान खान ने उन्हें रिश्ता बचाने के लिए सलाह दी थी. अंकिता ने कहा- सलमान सर ने मेरेको सलाह दी थी जब मैं उनसे मिलने गई थी, सीजन खत्म होने के बाद. उन्होंने कहा- एक ही बात बो रहा हूं, बच्चा कर लो. मैंने कहा- सर क्या बोल रहे हो. जब अंकिता सलमान की बात सुनकर थोड़ा ऑकवर्ड हो गई तो भाईजान ने कहा- नहीं, मैं तुम्हे बता रहा हूं, बच्चा कर लो. अंकिता ने आगे कहा- उनका मतलब ये था कि बच्चा होने के बाद एक कपल साथ में ज्यादा ग्रो करता है. अंकिता लोखंडे के साथ उस व्लॉग में विक्की जैन भी थे. उन्होंने कहा- कोई भी शादी लंबे समय तक बच्चों की वजह से ही टिकती है. जब से अंकिता लोखंडे और विक्की जैन बिग बॉस से बाहर आए हैं तब से ये कपल ये क्लैरिफिकेशन देते रहते हैं कि दोनों साथ में हैं. एक इंटरव्यू में अंकिता लोखंडे ने उन लोगों को खरी-खोटी सुनाई थी जो उनके और विक्की के रिश्ते को जज कर रहे थे।*

### - दो कूलर और दो एसी ऑनलाइन बुक कराए, डिलीवरी के समय सामान किया खुर्द-बुर्द

# जालसाज ने दो दुकानदारों को लगाई हजारों की चपत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**कोहेफिजा पुलिस ने दो दुकानदारों की शिकायत पर एक जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जालसाज ने दुकानदारों से मोबाइल पर दो एसी और दो कूलर बुक कराए और उनकी डिलेवरी मनुआभान टेकरी के पास ले ली। सामान छोड़ने आए आटो चालक से कहा कि सामान उतार दो। पैमेंट मालिक को कर दूंगा। सामान उतारने के बाद आरोपी ने ऐसी और कूलर खुर्द बुर्द कर दिए। सामान हाथ लगने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया।**

दुकानदारों का कहना है कि एक संदिग्ध उनकी दुकान पर पहुंचा?था। उस पर उन्हें संदेह है कि उसने ही धोखाधड़ी की यह वारदात की है। पुलिस ने संदेही पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ना ने बताया कि जालासाज ने कोलार इलाके में चिनार पैलेस में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का संचालन करने वाली सीमा ठाकरे और शाहपुरा में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का संचालन करने वाले संजय दुबे के साथ की। सीमा ठाकरे ने पुलिस को बताया कि 17 मई की रात उन्हें कॉल कर एक जालसाज ने दो कूलर बुक कराए और मनुआभान टेकरी पर डिलेवरी देने की बात कही। सीमा ठाकुर ने दो कूलर आटो से पहुंचा दिए। इस दौरान जालसाज ने दोनों कूलर आटो से उतरवाए और आटो चालक से कहा कि दोनों की पैमेंट दुकानदार को हो जाएंगी। आप सामान उतारकर निकल जाओ। उसने सामान उतारा और वह निकल गया। इसी प्रकार शाहपुरा में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का संचालन करने वाले संजय दुबे ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि एक जालसाज उनकी दुकान से मोबाइल के माध्यम से मॉडल नंबर बताकर दो एसी बुक कराए। उक्त ऐसी की डिलेवरी कोहेफिजा में ली और पैमेंट डिलेवरी के समय देने की बात कही। जालसाज ने ऑटो से ऐसी उतरवा लिए और उसका पेमेंट नहीं किया। दोनों ऐसी अलग अलग जगह उतरवाए गए थे। जब मालिक ने बताया कि पेमेंट नहीं मिला है तो ऑटो चालक उस जगह पहुंचा था, जहां ऐसी उतारे गए है तो वहां कोई?भी नहीं मिला।




### दुकान पर पहुंचा था आरोपी

दोनों ही दुकानदारों का कहना है कि उन्हें एक संदिग्ध पर संदेह है। वह दुकान पर आ चुका है। पुलिस का अब उस संदिग्ध व्यक्ति की फुटेज के आधार पर तलाश कर रही है। पुलिस उस जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। जहां सामान की डिलीवरी दी गई थी।

## कलेक्टर कार्यालय के सामने घायल बुजुर्ग की मौत, टक्कर मारने वाले की नहीं हुई पहचान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर कार्यालय के सामने एक्सीडेंट में घायल हुए एक बुजुर्ग व्यक्ति की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। इस मामले में घायल व्यक्ति के भतीजे की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, लेकिन अभी तक वाहन की पहचान नहीं हो पाई है। घायल की मौत के बाद आरोपी वाहन चालक पर धाराएं बढ़ाई जा रही हैं।




जानकारी के अनुसार राजाराम दांगी (80) ग्राम रायपुर बैरसिया रोड भोपाल में रहते थे और खेती किसानी करते थे। बीती उन्नीस मई को वह अपनी जमीन की नपती के काम से कलेक्टर कार्यालय आए थे। शाम करीब साढ़े तीन बजे वापस लौटते समय कलेक्टर कार्यालय के सामने उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने राजाराम को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था, जहां से परिजन निजी अस्पताल लेकर गए थे। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान राजाराम ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। आरोपी वाहन चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं

### रिश्वत की शिकायतों के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने लिया एक्शन

# ऑडियो वायरल के बाद डीपीसी शर्मा को हटाया, डीपीआई भेजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**रिश्वत की शिकायतों के साथ ही वायरल ऑडियो मामले में स्कूल शिक्षा विभाग ने भोपाल जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ओमप्रकाश शर्मा को पद से हटा दिया है। ?इसके साथ उन्हे आगामी आदेश होने के तक लोक शिक्षण संचालनालय में उपस्थिति के आदेश दिए हैं। विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि सीहोर जिले के चांदबड़ जागीर स्थित शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा की सेवाएं राज्य शिक्षा केंद्र जिला भोपाल के पद पर पदस्थ किया था। इन सेवाओं को तत्काल प्रभाव से वापस लेते हुए अन्य आदेश होने तक लोक शिक्षण संचालनालय में उपस्थिति के लिए आदेशित गया है।**




### यह है पूरा मामला

दरअसल, डीपीसी शर्मा के खिलाफ अपने अधीनस्थों से रिश्वत मांगने सहित कई गंभीर आरोपों के साथ लिखित शिकायतें आरएसके संचालक, कमिश्नर-कलेक्टर तक पहुंची थी। इसके साथ ही एक कथित आडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वायरल आडियो में रूपयों मांग करते हुए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित अधिकारियों ने शपथ पत्र यह शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों से की है। इसमें सहायक जिला परियोजना समन्वयक यानि एपीसी के पद पर कार्यरत वीरेंद्र कुमार चौरसिया ने अपनी शिकायत में कहा है कि डीपीसी शर्मा द्वारा उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित और अपमानित किया जाता है। उनके द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को धोखे में रखकर गलत जानकारी दी जाती है।

### धमकाकर की गई थी पैसे की मांग

इस शिकायत में चौरसिया ने रिकार्डिंग का हवाला देते हुए कहा है कि धमकाकर पैसे की मांग की गई।?वहीं एक अन्य शिकायत उच्च माध्यमिक शिक्षक चंद्रेश सिंह चौहान द्वारा की गई है। हालांकि डीपीसी शर्मा ने सभी आरोपों को नकारते हुए झूठा बताया है। शर्मा ने कहा कि मेरे खिलाफ साजिश की जा रही है। इसमें कई लोग शामिल हैं। इस आडियो में मेरे द्वारा की गई बात सरकारी पैसे जमा करने की है। जिसे रिश्वत का रूप दिया जा रहा है।

### न्यायालय ने आरोपियों पर 10-10 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया

# षडयंत्र कर दूसरे का प्लॉट बेचा, आरोपियों को तीन साल की सजा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**षडयंत्र कर दूसरे के प्लॉट को अपना बताकर बेचने वाले आरोपियों को न्यायालय ने तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपियों पर 10-10 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। ?यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राहुल सिंह यादव की अदालत ने सुनाया है। न्यायालय ने प्रकरण में आरोपी देवेन्द्र स्वरूप भटनागर एवं अवधेश सिंह सिसोदिया को दोष सिद्ध पाते हुये 3-3 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी नीरज भार्गव द्वारा पैरवी की गई है।**

लोक अभियोजन के अनुसार, 9 जून 2012 को पुलिस थाना बागसेवनिया मे फरियादी प्रेम सिंह एवं आर. के. गोयल ने शिकायत की थी कि अभियुक्त अवधेश सिंह सिसोदिया एवं देवेन्द्र स्वरूप भटनागर ने गुलाबी नगर, हाउसिंग सोसायटी ,प्लॉट क्रं. 23 को उसे दिखाकर स्वयं को मालिक होना बताकर सात लाख रूपए नगद प्राप्त किए और रसीद देने के बाद प्लॉट नं. 22 आवंटित कर दिया। एक माह में रजिस्ट्री करना तय हुआ, परंतु अभियुक्त टालमटोल कर गायब हो गया। बाद में पता चला कि उक्त प्लॉट अभियुक्त अवधेश सिंह सिसौदिया का नहीं है। वहीं आर.के. गोयल ने अभियुक्त देवेन्द्र स्वरूप भटनागर के नहीं है। वहीं आर.के. गोयल ने अभियुक्त देवेन्द्र स्वरूप भटनागर के विरूद्ध एसडीओपी को शिकायती आवेदन दिया कि गुलाबी नगर गृहनिर्माण संस्था का प्लॉट क्रं. 22 साईज 996 वर्गफीट अभियुक्त ने उसे दिखाया और स्वयं को का प्लॉट क्रं. 22 साईज 996 वर्गफीट अभियुक्त ने उसे दिखाया और स्वयं को उसका मालिक होना बताया। सात लाख रूपए उससे प्राप्त किये और प्लॉट विक्रय करने का अनुबंध-पत्र कर लिया, परंतु रजिस्ट्री कराने के लिए टालमटोल करता रहा। बाद में पता चला कि अभियुक्त का उक्त सोसायटी में कोई प्लॉट नहीं है। वह कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है।

## बाइक की टक्कर से घायल हुए स्कूटर सवार व्यक्ति की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अरेरा हिल्स स्थित बिड़ला मंदिर के सामने बाइक की टक्कर से घायल हुए स्कूटर सवार एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में उनकी पत्नी को भी चोट आई थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया था। घायल व्यक्ति की मौत के बाद चालक पर धाराएं बढ़ाई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार पवन चौरसिया (63) मयूर विहार कालोनी अशोका गार्डन में रहते थे। बीती तेईस मई की सुबह वह अपनी पत्नी गोमती चौरसिया के साथ स्कूटर से दर्शन करने के लिए बिड़ला मंदिर जा रहे थे। मंदिर के सामने पहुंचने पर न्यू मार्केट की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में चौरसिया दंपती को गंभीर चोट आई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों को इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया था, जहां से पवन को गंभीर हालत में इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया था। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान पवन चौरसिया ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



### लिफ्ट में फंसा बेटा तो पिता को आया हार्ट अटैक

# जनरेटर चालू कराने दौड़े तो जमीन पर गिर पड़े, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**भोपाल के मिसरोद में सोमवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक कॉलोनी में लाइट जाने से 8 साल का बच्चा लिफ्ट में फंस गया। यह देखकर उसके पिता को हार्ट अटैक आ गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**

जांच अधिकारी आमोद शर्मा ने बताया कि घटना रॉयल फार्म विला कॉलोनी में रात करीब 11 बजे की है। यहां ऋषि भटनागर (51) परिवार के साथ टॉवर-1 के फ्लैट नंबर 307 में रहते थे। रोज की तरह सोमवार रात भी खाना खाने के बाद ऋषि टहलने नीचे आए थे। उनके साथ 8 वर्षीय बेटा देवांश भी था। थोड़ी देर बाद उन्होंने बेटे से कहा कि वह ऊपर चला जाए। देवांश जैसे ही लिफ्ट में पहुंचा, अचानक कॉलोनी की बिजली चली गई और वह लिफ्ट में फंस गया।



### इंश्योरेंस और प्रॉपर्टी डीलिंग करते थे

ऋषि इंश्योरेंस के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। बड़ा बेटा हर्षित 16 साल का है। पत्नी प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं।

### लापरवाही के पहलुओं पर जांच

जांच अधिकारी शर्मा के मुताबिक, प्राथमिक तौर पर मामला आकस्मिक मृत्यु का बताया जा रहा है, लेकिन लापरवाही के पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### तेज घबराहट हुई, बेसुध हुए

पुलिस ने कहा- बेटे को लिफ्ट में फंसा देख ऋषिराज घबरा गए। वे गार्ड रूम की ओर दौड़े ताकि जनरेटर चालू कराया जा सके। इसी दौरान उन्हें तेज घबराहट हुई और वे बेसुध होकर गिर पड़े। कॉलोनी के लोग उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। हादसे के करीब तीन मिनट बाद कॉलोनी में बिजली बहाल हुई। लिफ्ट भी चालू हो गई और देवांश बाहर निकल आया।

## अनुपस्थिति के चलते एमसीयू में 121 विद्यार्थियों को परीक्षा से रोका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न विभागों के कक्षाओं से आदतन अनुपस्थित विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाया है। ऐसे 121 विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया और उन्हें परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया है। ये सभी विद्यार्थी सत्र जनवरी-जून 2025 के हैं। कक्षाओं में उपस्थिति को लेकर गंभीर एमसीयू प्रशासन ने चेतावनी दी है कि एडमिशन लेकर गायब होने वाले विद्यार्थी कहीं और जाकर पढ़ें अन्यथा पूरे अनुशासन के साथ कक्षाओं में मौजूद रहें। अगले शैक्षणिक सत्र से क्लासरूम टीचिंग की फीड बैक प्रणाली शुरू करने की तैयारी है, जिसमें विद्यार्थी अपनी कक्षाओं और पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर अपने सुझाव दे सकेंगे। कक्षा प्रभारियों की भी जिम्मेदारी होगी कि वे अपनी कक्षाओं में अधिकतम विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी स्वयं अंतिम सेमिस्टर की साप्ताहिक कक्षाएं लेंगे और किसी भी कक्षा में विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहेंगे। कक्षाओं से गायब रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों को नियमित सूचित किया जाएगा ताकि वे कहीं और एडमिशन दिला सकें ।

## पुलिस ने लोगों को लौटाए गुम मोबाइल

**भोपाल.** कमला नगर पुलिस ने गुम हुए 46 मोबाइल लोगों को वापस लौटाए हैं। जनवरी 2025 से अब तक 46 मोबाइल पुलिस ने बरामद किए थे। डीसीपी जोन-1 प्रियंका शुक्ला ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे। फोन को पुलिस ने सीईआइआर पोर्टल की मदद से ट्रेस कर बरामद किया था। बरामद हुए मोबाइल फोनों की कुल कीमत करीब 6 लाख 75 हजार से ज्यादा की बताई जा रही है।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 17/2025
निविदा सं. 8124WCRTP-70 जिसके खुलने की तिथि 03/06/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/72/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है- Tender No. & Short Description - 8124WCRTP-70 Description - मोनो-ब्लॉक कंक्रीट लाइन स्लीपर्स(RT-8746) Tender Opening Date- From- 03/06/2025 To- 18/06/2025 अद्यतन एंव पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।
(हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
खुली निविदा क्रमांकः WCR-CRWS-PAINT-MLR-25-15
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम-** सप्लाई एंड एप्लीकेशन ऑफ शॉट ब्लास्टिंग एंड एकस्टीरियर पीयू पेंटिंग ऑफ एलएचबी एमएलआर कोचेस ऐट सीआरडब्ल्यूएस/भोपाल। **कार्य की लागत- रू. 74,92,482.50, निविदा फार्म का मूल्य रू.- 0.00, धरोहर राशि- रू. 1,49,900.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि- 12 माह, ऑनलाईन बिडिंग प्रारंभ होने का दिनांक/आनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एंव समय-** 02.06.2025/16.06.2025, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय-** 16.06.2025 15:30 बजे, निविदा तथा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाईट www.ireps.gov.in, एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
(हस्ता.)
मुख्य कारखाना प्रबंधक
सडिपुका, निशातपुरा, पमरे, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**मेट्रो एंकर**

### 27 डीएसपी स्तर के पुलिस अफसरों के तबादले

# दामले एएसपी रेल व नायक एडीसीपी सुरक्षा बने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार ने 27 डीएसपी और सहायक सेनानी स्तर के अफसरों को पदोन्नत कर नवीन पदस्थापना की है। जारी सूची के मुताबिक संजय कौल को सहायक सेनानी 13वीं वाहनी विसबल ग्वालियर से उप सेनानी 14वीं वाहनी विसबल ग्वालियर, नीरज कुमार ठाकुर सहायक सेनानी 13वीं वाहनी भोपाल से उप सेनानी 25वीं वाहनी विसबल भोपाल, कमला रावत सहायक सेनानी 14वीं वाहनी विसबल ग्वालियर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैंण्ड 7वीं वाहनी विसबल भोपाल, रणजीत सिंह राठौर सहायक सेनानी 25वीं वाहनी विसबल भोपाल से सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीएचक्यू, सुभाष शर्मा सहायक सेनानी प्रथम वाहनी विसबल इंदौर से उप सेनानी 25वीं वाहनी विसबल उज्जैन, वेदांत शर्मा सहायक सेनानी आरएपीटीसी इंदौर से उप सेनानी आरएपीटीसी इंदौर, रवि कुमार द्विवेदी उप पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा पीएचक्यू से सहायक पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा पीएचक्यू , सूरजमल राजौरिया सहायक सेनानी 7वीं वाहनी विसबल भोपाल से उप सेनानी 10वीं वाहनी विसबल सागर, अरविंद सिंह सूर्या सहायक सेनानी हाईकोर्ट सुरक्षा जबलपुर से उप सेनानी प्रथम वाहनी विसबल इंदौर, लामू सिंह श्याम सहायक सेनानी 6वीं वाहनी विसबल जबलपुर से उप सेनानी 6वीं वाहनी विसबल जबलपुर, विपिनी शिल्पी सहायक सेनानी प्रथम वाहनी विसबल इंदौर से सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीएचक्यू, रविन्द्र कुमार बोयट एसडीओपी मूंदी खण्डवा से एएसपी जिला इंदौर, सुरेश कुमार दामले एसडीओपी बरेली से एएसपी रेल भोपाल, अलरिज बिसनेट सिंह डीएसपी ईओडब्ल्यू से एआईजी पीएचक्यू , शेर सिंह भूरिया डीएसपी अजाक रतलाम से एसपी अजाक रेंज इंदौर, स्वाति मुराब एसीपी मुख्यालय नगरीय पुलिस भोपाल से एआईजी पीएचक्यू , नरेश बाबू अननोटिया एसीपी यातायात इंदौर से एडीसीपी यातायात इंदौर, गीता डोंगरे चौहान डीएसपी पीटीएस इंदौर से एएसपी पीटीएस इंदौर, नदीम उल्लाह खान डीएसपी विशेष शाखा पीएचक्यू से उप सेनानी विशेष शाखा पीएचक्यू, अजय प्रिय आनंद सहायक सेनानी 23वीं वाहनी से उप सेनानी हॉक फोर्स बालाघाट, निहित उपाध्याय एसीपी हबीबगंज से उपसेनानी 8वीं वाहनी छिंदवाड़ा, दीपक नायक एसीपी गोविंदपुरा भोपाल से एडीसीपी सुरक्षा नगरीय पुलिस भोपाल, दीशेष अग्रवाल सीएसपी देवास से एडीसीपी आसूचना इंदौर, अमित कुमार मिश्रा डीएसपी पीएचक्यू से स्टाफ आफीसर पुलिस आयुक्त कार्यालय भोपाल, सुजीत सिंह भदौरिया एसडीओपी पोहरी से एएसपी दमोह, ज्योति उमठ सीएसपी गुना से एआईजी ग्वालियर जोन, भावना मरावी एसडीओपी गोटेगांव से एएसपी रेज जबलपुर किया गया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022